दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी






क्या आप जानते हैं खान पान का सही तरीका ....

गलत तरीके से दवा लेना ....


वर्ष : 09 | अंक : 327 | लखनऊ, 03 नवम्बर, शुक्रवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

संसेक्स 64,948.66

निफटी 19,310.15

# परिवारवाद, भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही कांग्रेस की रीति-नीति है : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि परिवारवाद, भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही कांग्रेस की रीति-नीति है। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र के कांकेर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार पर भारी भ्रष्टाचार में शामिल रहने का आरोप लगाया और कहा कि वह भ्रष्टाचार से लगातार लड़ते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, कांग्रेस ने सबसे बड़ा धोखा छत्तीसगढ़ के हमारे युवाओं के साथ किया है। जो वादे किए, वे पूरे नहीं किए बल्कि पीएससी (छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग) को इन्होंने कांग्रेस कमेटी का दफ्तर बना दिया। पीएससी परीक्षा में कांग्रेस नेताओं के बच्चों का चयन किया गया। आपके बच्चों को बाहर कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया, परिवारवाद, भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार, यही कांग्रेस की नीति है और यही कांग्रेस की रीति है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा, आपके बच्चों की चिंता मोदी को है, भाजपा को है। इसलिए मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं से कहूंगा, छत्तीसगढ़ को लूटने वाला, युवाओं को धोखा देने वाला, कितना भी ताकतवर क्यों ना हो, मोदी की गारंटी है कि जिसने छत्तीसगढ़ को लूटा है, उसको सब कुछ लौटाना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है, लूटने वाला, एक भी नहीं बचने वाला है। उन्होंने यह भी कहा कि जब भाजपा ने आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया तो उनका भी कांग्रेस ने अपमान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा ने एक आदिवासी परिवार की बेटी को राष्ट्रपति बनाने का फैसला किया, लेकिन कांग्रेस ने उनका भी विरोध किया। उनके खिलाफ प्रचार किया, भला-बुरा कहा। कांग्रेस का यह विरोध भाजपा के विरुद्ध नहीं था बल्कि यह आदिवासी बेटी के विरोध में था।

छत्तीसगढ़ के हर आदिवासी को, आदिवासी बेटी का यह अपमान हमेशा याद रखना है और कांग्रेस को इसकी सजा देनी है। उन्होंने लोगों से पूछा, आदिवासी बेटी के अपमान का बदला लेंगे ना कांग्रेस को सजा देंगे ना प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां कांग्रेस रहेगी वहां विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, भाजपा का संकल्प छत्तीसगढ़िया पहचान को सशक्त करने का है। भाजपा का संकल्प हर गरीब, आदिवासी पिछड़ों के हितों की रक्षा करना है। भाजपा का संकल्प छत्तीसगढ़ को देश के टॉप राज्यों में लाने का है। आप याद रखिए कांग्रेस और विकास में 36 का आंकड़ा है, जहां कांग्रेस रहेगी वहां विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, यह चुनाव सिर्फ विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं है, बल्कि यह आपके भविष्य, आपके बच्चों के भविष्य का फैसला करने का चुनाव है। मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया, बीते पांच वर्ष के दौरान कांग्रेस के नेताओं के बंगले, उनकी कारों का विकास हुआ है।

बस्तर के गरीब, दलित, पिछड़ों, आदिवासी परिवारों को क्या मिला... । उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्य सरकार पर रोड़े अटकाने का आरोप लगाया और कहा, मैंने देखा कि देश भर में तो मैं काम कर पाता हूं, यहां गरीबों के घर बनने में :राज्य सरकार द्वारा: रोड़े अटकाए जाते हैं।

## जम्मू-कश्मीर: उपराज्यपाल ने श्रीनगर में 100 ई-बसों की शुरूआत की



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को श्रीनगर स्मार्ट सिटी की 100 इलेक्ट्रिक बसों का उद्घाटन किया और कहा कि यह कार्बन उत्सर्जन से मुक्ति हासिल करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि सिन्हा ने श्रीनगर इलेक्ट्रिक बस परियोजना के तहत इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत की और निशात बस टर्मिनल पर 75 ई-बसों के बेड़े को हरी झंडी दिखाई। प्रवक्ता ने कहा कि ई-बसें 15 इंट्रा-सिटी और दो इंटर-सिटी मार्गों पर चलाई जाएंगी और प्रतिदिन सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक न्यूनतम 200 किलोमीटर चलेंगी। उपराज्यपाल ने इस अवसर पर श्रीनगर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और श्रीनगर व आसपास के जिलों के निवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, पारिस्थितिकी के साथ सामंजस्यपूर्ण संतुलन के लिए परिवहन सेवाओं को अनुकूलित करने के लिए स्मार्ट गतिशीलता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। 100 ई-बसों की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार कार्बन उत्सर्जन से मुक्ति हासिल करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है।

## संक्षिप्त समाचार

### नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया

नौसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में मिसाइल परीक्षण की एक तस्वीर भी साझा की। नौसेना ने कहा, भारतीय नौसेना की पूर्वी टुकड़ी ने बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल की सफल परीक्षण किया। मिसाइल मिशन के सभी पैमानों पर खरी उतरी है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को कहा कि उसने बंगाल की खाड़ी में अपने युद्धपोत से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। नौसेना ने कहा कि मिसाइल मिशन के सभी उद्देश्यों पर खरी उतरी है। नौसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में मिसाइल परीक्षण की एक तस्वीर भी साझा की। नौसेना ने कहा, भारतीय नौसेना की पूर्वी टुकड़ी ने बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल की सफल परीक्षण किया। मिसाइल मिशन के सभी पैमानों पर खरी उतरी है।

### दिल्ली में दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में वृत्तचित्र निमार्ता युवक की मौत

**नई दिल्ली,** दक्षिण दिल्ली के पंचशील एन्क्लेव के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में 30 वर्षीय वृत्तचित्र (डॉक्युमेंटरी) निमार्ता की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुई। पुलिस के अनुसार पीयूष पाल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में रात 10 बजकर 11 मिनट पर हौज खास थाने को सूचना दी गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो दोनों मोटरसाइकिल सवारों - पाल और बंटी (26) को अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया जा चुका था। दुर्घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमें पाल की मोटरसाइकिल बंटी की बाइक को टक्कर मारतीदिखाई दे रही है। बंटी गुरुग्राम में वाहन चालक के रूप में काम करता है।

### मप्र : एआईएमआईएम नेता ने जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन कर भरा पर्चा, गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की ओर से दो दिन पहले इंदौर-1 विधानसभा सीट से पर्चा भरने वाले 40 वर्षीय उम्मीदवार को जिलाबदर किए जाने के आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इंदौर से करीब 130 किलोमीटर दूर खरगोन कस्बे में पिछले साल रामनवमी पर हुए सांप्रदायिक दंगों के आरोपियों में शामिल एआईएमआईएम नेता का दावा है कि उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, यासिर पठान के आपराधिक गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल रहने के कारण खरगोन के प्रशासन ने 13 मार्च को आदेश जारी किया था कि वह खरगोन के साथ ही इंदौर और आस-पास के अन्य जिलों की राजस्व सीमाओं में साल भर तक प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## विपक्ष के नेताओं को चुप कराने की कोशिश कर रही भाजपाः आप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष के नेताओं को चुप कराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कोशिश है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन संबंधी एक मामले की जांच के तहत दिल्ली के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राज कुमार आनंद के परिसरों और कुछ अन्य स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापा मारा। आप ने इसी छापेमारी को लेकर यह प्रतिक्रिया दी हैं आप नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो संदेश में कहा कि ब्रितानी शासनकाल के दौरान भी पुलिस छापेमारी की अनुमति लेने के लिए अदालत जाया करती थी। उन्होंने कहा, लेकिन आज ईडी छापे मारने का खुद ही फैसला करती है। यह विपक्ष की आवाज को चुप कराने का षड्यंत्र है। यह तरीका अपना कर भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव जीत सकती है क्योंकि हालात देखते हुए यह तय है कि चुनाव के बाद उनकी वापसी नहीं होगी। बहरहाल, भाजपा की दिल्ली इकाई के सचिव हरीश खुराना ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने कानून के तहत यह कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, हम वर्षों से यह कहते आ रहे हैं कि केजरीवाल और उनके मंत्री घोटालों में शामिल हैं। ईडी की कार्रवाई कानून के मुताबिक है। यह पता चला है कि यह छापेमारी कुछ हवाला और सीमा शुल्क संबंधी जांच को लेकर है।

## सोशल मीडिया की विषाक्तता से बचाने में कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल होः चंद्रशेखर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि सोशल मीडिया में झलक रही विषाक्तता और इसे हथियार बनाने की प्रवृत्ति पर काबू पाना चाहिए और कृत्रिम मेधा (एआई) को अच्छाई, सुरक्षा एवं भरोसे का प्रतिनिधि बनाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

चंद्रशेखर ने लंदन से सटे बकिंघमशायर में आयोजित एआई सुरक्षा सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आर्थिक वृद्धि को गति देने वाली ताकत के तौर पर नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने भारत में पहले से ही बढ़ रही डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए एआई को गतिशील सहयोगी बताते हुए कहा कि अब प्रौद्योगिकी मंचों के लिए जवाबदेही बढ़ाने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा, सरकारों ने पिछले 10-15 वर्षों में देखा है कि नवाचार को नियमन से आगे जाने की अनुमति देकर हम विषाक्तता, गलत सूचना एवं हथियार की तरह इस्तेमाल होने का मौका दे देते हैं। आज इंटरनेट के दौर में सोशल मीडिया पर यह दिखाई दे रहा है। हम इस बात पर सहमत हो सकते हैं कि आने वाले समय में एआई के लिए हमें ऐसी स्थिति के बारे में नहीं सोचना चाहिए। चंद्रशेखर ने डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा, हम निश्चित रूप से चाहते हैं कि एआई और व्यापक इंटरनेट एवं प्रौद्योगिकी अच्छाई, सुरक्षा एवं विश्वास को प्रदर्शित करे। इसके लिए सोशल मीडिया मंचों एवं नवोन्मेषकों को उपयोगकताओं के प्रति कानून के तहत व्यापक जवाबदेही दिखानी होगी।

## सरदार पटेल ने भारत की अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

**स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोले वेंकैया नायडू**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सरदार वल्लभभाई पटेल के कार्यों को याद करने की अपील करते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आठ राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लेते हुए नायडू ने कहा कि हमारी आजादी के बाद, भारत गौरव हासिल कर रहा है और एक मजबूत राष्ट्र बन रहा है। अगर हम बारीकी से देखें, तो भारत को दुनिया भर में मान्यता और सम्मान मिलता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अधिकांश सीईओ भारतीय हैं।

नायडू ने मातृभाषा के महत्व का हवाला देते हुए अपनी मातृभाषा का सम्मान करने की अपील की और एक अलग पहचान बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मातृभाषा का सम्मान करने से आपको खुद को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। नायडू ने गोवा के राज्यपाल के प्रयासों की सराहना की और कहा कि गोवा के विभिन्न हिस्सों की उनकी यात्राओं से उन्हें गोवावासियों के जीवन और शैली को जानने और देखने में मदद मिली।

सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई ने राष्ट्र निर्माण में लोगों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जाति, पंथ और धर्म से परे लोगों के बीच एकजुटता का बंधन राष्ट्रीय अखंडता दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्यपाल ने कहा कि किसी देश में एकता और भाईचारे की भावना एक राष्ट्र के निर्माण में मदद करेगी। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य की जानकारी देते हुए राज्यपाल ने कहा, ्यह विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों के बीच बातचीत को बढ़ाना और आपसी समझ को बढ़ावा देना था। इसके अलावा, यह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की समृद्ध और जीवंत संस्कृतियों को बड़े उत्साह के साथ प्रदर्शित करता है ताकि सभी लोग विभिन्न क्षेत्रों के लोग आपस में जुड़ सकते हैं, बातचीत कर सकते हैं और सामाजिक एवं सांस्कृतिक सौहार्द्र के बंधन बना सकते हैं।

## लोकसभा की आचार समिति के सामने पेश हुईं महुआ मोइत्रा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में बृहस्पतिवार को लोकसभा की आचार समिति की समक्ष पेश हुईं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने मोइत्रा को इस मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था ।इस मामले के संदर्भ में वकील जय अनंत देहाद्रई और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पिछले दिनों लोकसभा की आचार समिति के समक्ष पेश होकर अपने बयान दर्ज करवाए थे। भाजपा सांसद दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को 15 अक्टूबर को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया था कि मोइत्रा द्वारा लोकसभा में हाल के दिनों तक पूछे गये 61 प्रश्नों में से 50 प्रश्न अडाणी समूह पर केंद्रित थे ।उन्होंने शिकायत में कहा है कि किसी समय मोइत्रा के करीबी रहे देहाद्रई ने मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के बीच अडाणी समूह तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने के लिए रिश्वत के लेनदेन के ऐसे साक्ष्य साझा किये हैं जिन्हें खारिज नहीं किया जा सकता ।तृणमूल कांग्रेस की सांसद मोइत्रा ने आरोपों को ठुकराए हुए पूर्व प्रेमी का झूठ करार देते हुए खारिज कर दिया है।

## 5 समन पर भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए सोरेन, केजरीवाल ने दिवाली तक खुद को बताया व्यस्त

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** एक जमाना था जब लोग सीबीआई का नाम सुनते ही डर जाते थे। वक्त बदला और इन दिनों लोगों को दंबग फिल्म के चर्चित डॉयलाग थप्पड़ से डर नहीं लगता की माफिक प्यार से नहीं लेकिन ईडी से जरूर डर लगने लगा है। इन दिनों अखबारों-टीवी देखते वक्त आप अक्सर सुनते-पढ़ते होंगे ईडी का छापा, ईडी की कार्रवाई। नेता से लेकर अफसर तक और कारोबारियों से लेकर उद्योगपति तक अब सीबीआई से ज्यादा ईडी से डरने लगे हैं। मानों किसी से पूछों कि और क्या चल रहा है तो वो फॉग की बजाए कह दे कि ईडी का खौफ चल रहा है। दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम केजरीवाल को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं होंगे।

### केजरीवाल ने ईडी को लिखा पत्र

ईडी के समन वाले दिन दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने एजेंसी को पत्र लिखकर कहा कि आम आदमी पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक और स्टार प्रचारक होने के नाते, मुझे चुनाव प्रचार के लिए यात्रा करनी पड़ती है और अपने क्षेत्र में राजनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करना पड़ता है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में मेरे पास शासन और आधिकारिक प्रतिबद्धताएं हैं जिनके लिए मेरी उपस्थिति आवश्यक है, खासकर दिवाली के मद्देनजर। केजरीवाल ने ईडी से समन वापस लेने की मांग की है। इसके साथ ही समन को राजनीति से प्रेरित नोटिस बताया।

### अब क्या कदम उठा सकती है ईडी?

ईडी के समन पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दो टूक जवाब के बाद अब ईडी के अगले कदम को लेकर अनुमान लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ईडी की तरफ से दूसरा समन जारी किया जा सकता है। लेकिन इसी के साथ गिरफ्तारी को लेकर भी चचाओं का बाजार गर्म है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री अगर ईडी के सामने पेश होते हैं तो ईडी अपनी ताकत का इस्तेमाल कर सकती है।

### ईडी करता क्या है?

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी एक विशेष वित्तीय जांच एजेंसी है। ये वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग का हिस्सा है। आसान शब्दों में कहें तो जहां पैसों से संबंधित गड़बड़ होती है वहां प्रवर्तन निदेशालय दखल देता है। किसे ने अगर फर्जी तरीके से या जुगाड़ लगाकर पैसा इधर से उधर किया है। काले पैसों को सफेद बनाया है, विदेशी पैसों से जुड़ा कोई कांड किया है तो वो ईडी के रडार पर आ जाता है।

## वानखेड़े में भारतीय टीम ने श्रीलंका को रौंदा, सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे बड़ी जीत**

अमन लेखनी समाचार



मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आज खेले गए विश्व कप 2023 के 33वें मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 302 रन से रौंदकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भारत के 257 रन के जवाब में पूरी श्रीलंकाई टीम 55 रन पर सिमट गई ।यह विश्व कप के इतिहास में भारत की सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में पहुंचन वाली पहली टीम बन गई है।

भारत ने क्रिकेट वर्ल्ड कप में श्रीलंका को जीत के लिए 358 रन का लक्ष्य दिया था। जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम 19.4 ओवर में 55 रन पर सिमट गई और भारत ने 302 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया। यह भारत की वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे बड़ी जीत है। साथ ही वर्ल्ड कप 2023 में टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम भी बन गई है।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया की बादशाहत श्रीलंका के खिलाफ कायम रही। पहले भारतीय बल्लेबाजों ने श्रीलंकाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। फिर उसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने भी अपना जादू बिखेरा और शुरूआत में ही श्रीलंका की बैटिंग लाइन की कमर तोड़ दी। खासकर मोहम्मद शमी की गेंदबाजी के आगे श्रीलंकाई टीम ने एक तरह से सरेंडर कर दिया और 55 रन पर आलआउट हो गई। शमी ने 5 विकेट लेकर श्रीलंका की कमर तोड़ दी ।इससे पहले भारत ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 357 रन बनाए। जवाब में भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 19.4 ओवर में 55 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए और अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखा। मोहम्मद सिराज ने भी 3 विकेट चटकाए। जबकि, जसप्रीत बुमराह और जडेजा को 1-1 विकेट मिला। वहीं भारतीय पारी में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (92), स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (88) और मध्य क्रम के श्रेयस अय्यर (82) शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन करने के बावजूद अपने-अपने शतक से चूक गए। लेकिन, भारत ने उनकी बेहतरीन पारियों से श्रीलंका के खिलाफ 8 विकेट पर 357 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

## संक्षेप

### फर्जी मुकदमे में फंसाने के साथ जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर के कैलाश विहार, अमौसी निवासी विनय कुमार तिवारी ने अयोध्या के बेंती कला, बीकापुर, हैदरगंज निवासी धरम सिंह के खिलाफ अनुबंध के बावजूद लोडर वाहन की किस्तें ना जमा करने और फर्जी मुकदमे में फंसाने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विनय का कहना है कि 30 जनवरी 2019 को उसने अपने नाम से लोडर वाहन (यूपी 32 एलएन 5349) खरीदा था। तब विनय का भाई शिव शंकर और धरम सिंह गाड़ी की देखभाल कर रहे थे। लेकिन 11 नवंबर 2020 को कोरोना कॉल में शिव शंकर तिवारी की अचानक मौत हो गई। उसके बाद धरम सिंह ने गाड़ी की किस्त संबंधित सारी जिम्मेदारी खुद ले ली। इसको लेकर उसने अनुबंध भी किया। लेकिन आरोप है कि तब से वह गाड़ी की किस्तें नहीं जमा कर रहा है और वापस गाड़ी मांगने पर फर्जी मुकदमे में फसाने के साथ ही पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। फिलहाल इस मामले में विनय की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बहन ने भाई के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की कराई रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा निवासी अनुपम कुमारी ने अपने भाई महेंद्र कुमार के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनुपम कुमारी का कहना है कि बीती 31 अक्टूबर को वह घर से कोर्ट जाने के लिए तैयार हो रही थी। इसी बीच उसके भाई महेंद्र ने चाचा के लड़के प्रमोद की किसी बात को लेकर पिटाई कर दी। इस पर अनुपम ने विरोध करते हुए दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया तो आरोप है कि महेंद्र ने अनुपम को भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया। अनुपम का कहना है कि इसके बाद उसने बहुत प्रयास किया लेकिन महेंद्र ने उसे घर के अंदर नहीं जाने दिया। जिससे अनुपम के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं है और काफी परेशान है। उसका कहना है कि बाद में पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर पुलिस बुलाई। इसके बावजूद भी गेट नहीं खोला गया। इससे वह बहुत परेशान और डरी सहमी है। फिलहाल पुलिस पीड़िता अनुपम की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### बंथरा मे डेंगू बुखार से हुई तीन मौते

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। क्षेत्र में डेंगू का कहर बरकरार है बीते कुछ दिनों में ही डेंगू बुखार की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो चुकी थी ही अब एक और महिला की मौत डेंगू बुखार की चपेट में आने से हो चुकी है मौत जिसके कारण क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बन गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि स्वस्थ विभाग की लापरवाही से बंथरा में एक सप्ताह के अंदर डेंगू से तीसरी मौत हो चुकी है। निजी अस्पताल में भर्ती महिला नाजनीन 40 वर्ष की मौत डेंगू से हो गई है। कई दिनों से अस्पताल में इलाज चल रहा था। बीते शुक्रवार और रविवार को भी बंथरा में ही डेंगू से महिला की मौत होने के बाद भी स्वास्थ विभाग लापरवाह नजर आ रहा है। लोगों का कहना है कि एक तरफ जहां बंथरा में महामारी का रूप ले रहा है डेंगू तो नगर पंचायत के सुपरवाइजर अपने आप में ही व्यस्त हैं जो फागिंग प्राइस आ रही है ना हो पा रही सफाई जिससे और भी तकलीफ पर बढ़ी हुई है।

# युवक की पिटाई के बाद गला कसकर हुयी थी हत्या, पीएम रिपोट में खुलासा

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। गोपालखेड़ा गांव में बीते बुद्धवार की रात रंजिश में विवाद के बाद युवक अमन सिंह(22वर्ष) की पिटाई के बाद गला कसकर हत्या की गयी थी, गुरुवार को युवक अमन के शव के पोस्टमार्टम में डाक्टरो ने पिटाई से सीने में चोट लगने समेत गला कसकर हत्या किये जाने की पुष्टि की है। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम मृतक युवक का शव गोपालखेड़ा स्थित घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। सुरक्षा के दृष्टिगत इंस्पेक्टर भारी पुलिस व पीएसी बल के साथ पीड़ित व आरोपियों के घर के आस-पास मुश्तैद रहे। मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर नौ नामजद समेत छः अज्ञात आरोपियों के विरूद्व हत्या, बलवा समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आनन-फानन पांच आरोपियों को हिरासत में लेने के साथ ही फरार आरोपियो की सरगर्मी से तलाश में जुट गयी हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के गोपालखेड़ा गांव में बुद्धवार की रात सात बजे के करीब युवक अमन सिंह(22वर्ष) अपने दो तीन साथियों संग गांव के ही अमित कश्यप के दरवाजे पर जाकर गाली-गालौज कर रहा था, जिस पर अमित ने अमन को गाली-गालौज करने से मना किया तो ये बात अमन व उसके साथियों को नागवार गुजरी ओर उसने अपने साथियों संग मिलकर अमित की पिटाई शुरू कर दी, चीख पुकार सुनकर अमित के पक्ष से जुटे दर्जन भर के करीब लोगो ने अमन व उसके साथियों की पिटाई शुरू कर दी, इस दौरान बीच बचाव को आये अमन के बड़े भाई तनुज व अभिषेक की बुरी तरह पिटाई शुरू की तो दोनो जान बचाकर मौके से भाग निकले? और घर पहुंचकर भाई अमन को बुरी तरह मारने की सूचना दी, इसी बीच दबंगो ने अमन की बुरी तरह पिटाई के बाद गला कसकर हत्या के बाद शव को सड़क के किनारे फेकने के बाद आरोपी खुद से पुलिस से मारपीट की शिकायत करने हरकंशगढी चौकी जा पहुंचे। घायल तनुज, अभिषेक परिजनो संग भाई अमन को तलाशने निकले काफी देर खोजबीन के बाद परिजनो को अमन मरणासन्न हालत में सुनसान स्थान पर सड़क किनारे पड़ा मिला, जिसके बाद परिजन आनन-फानन उसे इलाज के लिये निजी वाहन से पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर लेकर गये जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक अमन की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। मृतक अमन के घायल छोटे भाई अभिषेक ने परिजनो संग कोतवाली पहुंचकर आरोपी शिवराज उर्फ सज्जन सिंह, शत्रोहन कश्यप व उसके बेटो मोनू व अमित, अनुज वर्मा, अक्षय वर्मा, प्रिंशु, सोनू, सचिन समेत आधा दर्जन अज्ञात पर मारपीट कर भाई को मौत के घाट उतारने का आरोप लगाते हुये पुलिस को कार्यवाही के लिये तहरीर दी। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित अभिषेक की तहरीर पर नौ नामजद समेत आधा दर्जन अज्ञात के विरूद्व हत्या, बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर घायल अभिषेक व तनुज को मेडिकल के लिये भेजा गया। वही पांच नामजद आरोपियो को हिरासत में लेकर फरार आरोपियों की तलाश के लिये पुलिस की कई टीमो को लगाया गया हैं।

## दो पक्षो में जमकर मारपीट, दर्जन भर घायल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। इमलिहाखेडा गाँव मे बीते बुद्धवार की देर रात बर्थे डे पार्टी में दो पक्षो में कहासुनी से शुरू हुआ विवाद कुछ देर में खूनी सघंर्ष में बदल गया, जिसके बाद दोनो पक्षो में लाठी-डंडो से जमकर मारपीट व पथराव हुआ। घटना में दोनो पक्षो के दर्जन भर लोग घायल हो गये। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायलो को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी, जहां डाक्टरो ने दोनो पक्षो के कई लोगो की हालत गम्भीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनो पक्षो की तहरीर पर दर्जन भर के करीब लोगो पर मारपीट, बलवा जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है। पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसेण्डी के इमलिहाखेडा गांव में बुधवार की रात हरिश्चन्द्र के बेटे का जन्मदिन था, जहां मिलन के बेटे रोहित व तिलोकी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी, उस समय तो लोगो के हस्ताक्षेप पर मामला? शांत हो गया लेकिन कुछ देर बाद दोनो पक्षो के दर्जन भर लोगो लाठी-डंडे लेकर आमने सामने आ गये ओर दोनो पक्षो में जमकर मारपीट व पथराव हुआ। मारपीट में एक पक्ष से बाबूलाल, रघुबीर, रोहित, कमलेश, सुनीता, चेतराम व दूसरे पक्ष से आंचल व उसकी मां रानी, सनेही, सुनीता, तिलोकी, रवि घायल हो गयें। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया दोनो पक्षो के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दर्जन भर के करीब आरोपियों पर मारपीट, बलवा, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा? दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# तहसील में अधिवक्ताओं के लिए बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी व भवनः डॉ दिनेश शर्मा

**अधिवक्ताओं ने तहसील सरोजनी नगर में फूलमालाओं एवं प्रतीक चिन्ह देकर पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा का किया जोरदार स्वागत**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन द्वारा गुरुवार को सरोजनीनगर तहसील में स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा का संगठन अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह चौहान, महासचिव अमितेश कुमार श्रीवास्तव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा सहित कार्यकारिणी के अन्य अधिवक्ताओं द्वारा अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश शर्मा ने सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रचनात्मक कार्यों की दृष्टि से समाज में न्यायिक व्यवस्था सुदृढ़ हो सके, इसके लिए जरूरी है कि अधिवक्ताओं की सकारात्मक क्रियाशीलता बढ़े। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा अधिवक्ताओं को वरीयता देने के साथ ही उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिश कर रही है। प्रदेश में न्यायिक व्यवस्था जो सुदृढ़ है और न्यायालय के निर्णय की जवाब देही के साथ ही सरकार उसे लागू भी कर रही है। इससे अवैध अतिक्रमण और अरबो रुपए का राजस्व बचा है। उन्होंने तहसील पर आयोजित कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने सुझाव दिया कि आम आदमी को न्याय में सुलभता और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की आवश्यकता है। लाइब्रेरी को बार एसोसिएशन द्वारा बनाकर उसमें डिजिटल पोर्टल पर वकीलों के संस्मरण, रिटायर्ड जजों के अलावा गंभीर केसों को लोड करें। ऐसा करने से यह व्यवस्था धीरे-धीरे पूरे देश में शुरू हो सकेगी और इसकी शुरूआत सरोजनीनगर से होनी चाहिए। इस दौरान डॉ. दिनेश शर्मा ने सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन के भवन के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए भविष्य में संगठन को और भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह चौहान, महामंत्री अमितेश कुमार श्रीवास्तव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा के अलावा उपाध्यक्ष प्रेम शंकर यादव, राजेंद्र प्रसाद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, कोषाध्यक्ष ज्योति स्वरूप बाजपेई, संयुक्त मंत्री मनोज यादव, अशोक कुमार पाल व वरिष्ठ कार्यकारी के प्रमोद कुमार सिंह और महेश प्रसाद सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में सरोजनीनगर तहसील के बरौली खलीलाबाद निवासी दिव्यांग महिला भगवान देई ने पहुंचकर दिनेश शर्मा से शिकायत की। भगवान देई ने डॉ. दिनेश शर्मा से रो-रोकर शिकायत करते हुए कहा कि उसके पति के नाम दर्ज चक संख्या 1566 / 1 तथा चक संख्या 1001 का बिना किसी जानकारी के विजय कुमार, सहजराम, सोहनलाल, अंबर और सुनील ने अयोध्या के एक ब्रोकर के माध्यम से गंगाराम के नाम बैनामा कर दिया। दिव्यांग भगवान देई ने आरोप लगाया कि उसने इस बैनामा को निरस्त कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के तमाम चक्कर लगाए, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। बल्कि उसे अनसुना कर दिया। उसने बताया कि आज भी वह एसडीएम के पास शिकायत करने आई थी। लेकिन पूर्व उप मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में मौजूद होने की जानकारी मिलने पर वह डॉ. दिनेश शर्मा से मिली। फिलहाल डॉ. दिनेश शर्मा ने तहसील अधिकारियों को इस मामले में जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए हैं।

## एयरपोर्ट पर स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट (एसजीपीजीआई) के एंडोक्राइन और स्तन सर्जरी विभाग के सहयोग से स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में एसजीपीजीआई के डॉक्टरों ने यात्रियों और एयरपोर्ट कर्मचारियों को स्तन कैंसर से जुड़े खतरों व इसका जल्द पता लगाने के तरीकों के बारे में बताते हुए लोगों को इसके प्रति जागरूक किया। वहीं चिकित्सकों की एक टीम ने एयरपोर्ट पर मौजूद यात्रियों को बैगेज टैग के साथ स्तन कैंसर जागरूकता सामग्री भी वितरित की। साथ ही डॉक्टरों ने प्रतिभागियों को स्तन कैंसर की रोकथाम और शीघ्र पता लगाने व इसके उपचार के कदमों सहित सावधानियों के बारे में भी बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने महिला यात्रियों और एयरपोर्ट पर तैनात महिला कर्मचारियों को स्तन कैंसर से जुड़ी सभी जानकारियों के बारे में विस्तार से बताया।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम की छापेमार, क्लीनिक बंद कर भागे झोलाछाप

अमन लेखनी समाचार


शिविर में मरीजों की जांच करती – स्वास्थ्य विभाग टीम

लखनऊ। क्षेत्र में अवैध तरीके से झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक संचालित हैं, जहां ग्रामीण लोगों से क्लीनिकों पर दवा के नाम पर झोलाछाप जमकर उगाई कर चांदी काट रहे हैं। झोलाछापों के इलाज से डेंगू, बुखार से डेढ़ महीने में करीब पांच लोगों की जानें भी जा चुकी हैं। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को झोलाछापों के खिलाफ छापेमारी कर गरीब मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वालों पर कसा शिंकजा इस दौरान कई झोलाछापों ने शटर डाल दिए और मौके से फरार हो गए। रहीमाबाद के न्यू प्रयाग हॉस्पिटल का संचालन बंद करवाकर पिछले शुक्रवार को रहीमाबाद के तीन क्लीनिक संचालको को नोटिस देकर दस्तावेज दिखाने के लिए तीन दिन में संबंधित कागजात स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में उपलब्ध कराने को आदेश दिए। वही बृहस्पतिवार को फिर छापेमारी कर मनकौटी में डेंगू जांच शिविर लगाकर दवाये वितरित की। झोला छाप क्लिनिक बंद कर भागे बीते बुधवार को ग्राम मनकौटी निवासी कुंवारे की 15 दिनों से बुखार पीड़ित विवाहिता बेटी सुधा(22)वर्ष की मौत की खबर समाचार पत्रों में छपने का संज्ञान लेकर मलिहाबाद अधीक्षक डॉ. चंदन कुमार यादव ने मनकौटी मार्ग पर स्थित एन्जेल क्लीनिक की जांच करने पहुंचे इसके पहले ही छापे की भनक लगते ही आस पास संचालित कई झोला छाप शटर डाउन कर भाग निकले। वहीं कई दिन इलाज चलने के बावजूद हालत बिगड़ने से एम्बुलेंस से सीएचसी ले जाते समय रास्ते मे ही सुधा की मौत हो गई थी, इसके पहले सुधा की ससुराल ग्राम अदौरा औरास उन्नाव में झोलाछाप सत्य प्रकाश दस दिन तक इलाज करता रहा था। सुधा के पति दिनेश ने गुरुवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### डेंगू मलेरिया, जांच शिविर का हुआ आयोजन

मामले को संज्ञान लेकर स्वास्थ्य विभाग ने मनकौटी गावँ में डेंगू मलेरिया मियादी बुखार के संभावित मरीजों की खोज और वायरल बुखार पीड़ित मरीजों की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 48 मरीजो को दवा वितरित की गई। 27 मरीजों की डेंगू कार्ड से जांच की गई। 26 मरीजों की मलेरिया पैरासाइट जांच हुई। कोई भी मरीज डेंगू और मलेरिया पॉजिटिव नही पाया गया। शिविर संचालन में डॉ दानिश, बीपीएम पवन राठौर, आदर्श एल टी, बीएचडब्लू शक्ति शर्मा, राहुल मसूद, सुपर वाइजर भानु प्रताप सिंह ग्राम प्रधान अशोक कुमार शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

## उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा 14 सूत्री मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा गुरुवार को 14 सूत्री मांग को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान संगठन की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी को एक 14 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा गया। संगठन के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद नसीम ने सरोजनीनगर में नादरगंज के अमौसी रोडवेज वर्कशॉप स्थित कैंप कार्यालय पर शाम को एक बैठक में बताया कि संगठन के प्रांतीय नेतृत्व द्वारा काफी दिनों से राष्ट्रीयकृत व एक्सप्रेस वे पर शत प्रतिशत परिवहन निगम की बसों को चलाने की मांग की जा रही है। साथ ही परिवहन निगम की बसों व प्राइवेट बसों को टैक्स पर लाकर परिवहन निगम के लाभ में लगभग 180 करोड़ धनराशि की वृद्धि करने, संविदा कर्मियों की नियमावली बनाने, मृतक आश्रितों को तत्काल प्रभाव से नियमितीकरण करने और उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व कार्यकताओं का उत्पीड़न बंद करने सहित 14 मांगों को लेकर शासन प्रशासन से गुहार लगाई जा रही है। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा रहा है। इसी को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक को दिए गए ज्ञापन में 8 नवंबर तक निर्णय लेने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि अगर 8 नवंबर तक इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय न लिया गया तो पूरे प्रदेश के रोडवेज कर्मचारी निगम मुख्यालय का घेराव करेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर आयोजित इस धरना प्रदर्शन में संगठन के मीडिया प्रभारी रजनीश मिश्रा, प्रदेश प्रभारी मोहम्मद नसीम, लखनऊ क्षेत्र संरक्षक संजय सिंह, प्रदेश मंत्री रूपेश कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सीके शुक्ला सहित लखनऊ क्षेत्र की सभी शाखाओं के तमाम संगठन पदाधिकारी और सदस्य शामिल रहे।

# देश और प्रदेश की सरकारें किसान विरोधी – अनिल दुबे

**रालोद नेता राष्ट्रीय प्रवक्ता का हुआ भव्य स्वागत**

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ** । राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का आज हैदरगढ़ मे कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया। श्री दुबे आज ग्राम पंचायत मरुई मे किसानो से संवाद करने पहुंचे थे, उनके पहुंचने पर बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला देके स्वागत किया। स्वागत करने वालों मे भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान वीरेन्द्र सिंह, इकेंद्र सिंह, राम भीख यादव, मुन्ना द्विवेदी, पप्पू सिंह, बंकी साहू, अनुज सिंह, वीरेन्द्र मिश्रा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आयोजित किसान संवाद मे बोलते हुए रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने केंद्र और प्रदेश की दोनों सरकारों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि 2022 तक किसानो कि आमदनी दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार न तो किसानो कि आमदनी दोगुनी कर पाई और न किसानो को उनकी लागत का उचित मूल्य दे पाई। इस सरकार के कार्यकाल मे किसान तबाह और परेशान है, किसानो के पास न तो दवाई के पैसे हैं, न ही उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल रहा है। किसानो कि लागत चार गुना बढ़ चुकी है लेकिन इस सरकार ने गन्ने का मूल्य बढ़ने कि जरुरत नहीं समझी। गन्ना किसानो का कई हजारो करोड़ अभी भी बकाया है लेकिन सरकार उस पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि किसानो के लिए सबसे बड़ा मुद्दा गन्ने बकाये का भुगतान और लाभकारी मूल्य न मिलना है लेकिन सरकार किसानो के साथ विश्वासघात कर रही है। केन एक्ट के अनुसार गन्ने का भुगतान 14 दिन के अंदर नहीं होने की स्थिति मे किसानो को गन्ना मूल्यमय ब्याज के भुगतान करने का प्रावधान है। सरकार के तानाशाही रवैय्ये व पूंजीपति प्रेम के कारण गन्ना मिल किसान का हजार करोड़ रुपए दबाये बैठी हैं, जिसके वजह से किसानो मे निराशा है। उन्होंने कहा की यूरिया की बोरी का वजन काम करके भी सरकार ने किसानो के साथ छल करने का काम किया है। इस सरकार ने देश मे प्रति वर्ष 2 करोड़ नौजवानो को रोजगार देने का वादा किया था लेकिन ये दावा भी खोखला निकला। उन्होंने किसानो से इस सरकार को बदलने की अपील करते हुए कहा की दो बार इस सरकार को बनाने की गलती आप लोग कर चुके हैं, अब तीसरी बार ये गलती मत करियेगा। उन्होंने कहा की तवे की रोटी व देश प्रदेश के शासन को पलटते रहना चाहिए, रोटी नहीं पलटेंगे तो जल जाएगी और सत्ता नहीं पलटेंगे तो तानाशाह हो जाएगी। श्री दुबे ने कहा की देश से भाजपा को हटाने के लिए इंडिया गठबंधन बना है और इंडिया गठबंधन २०२४ मे बीजेपी को सत्ता से हटाएगा। भाजपा इस चुनाव मे इंडिया गठबंधन के सामने कही भी नहीं टिक पाएगी। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को फसाने का काम कर रही है, जिसे देश की जनता देख रही है और अब 2024 के चुनाव मे जनता इन्हे बाहर का रास्ता दिखाएगी। उन्होंने कहा की सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश मे बिजली व्यवस्था बदहाल है, बिजली के बढे हुए बिल भेजकर सरकार जनता का शोषण कर रही है। श्री दुबे ने कहा की कानून व्यवस्था, महंगाई, रोजगार, गरीब और किसान कल्याण के मोर्चे पर सरकार विफल रही है। उन्होंने किसानो का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा कि जन विरोधी नीतियों से जनता को अवगत कराने का काम करें।

## बच्चो ने चन्दा लगाकर 62 फुट का बनाया रावण, आज होगा दहन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। निगोहां की हर गली-मोहल्ले में रहने वाले नन्हे हाथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने को आतुर हैं। बच्चों ने यार-दोस्तों के साथ मिलकर कई दिन की मेहनत के बाद गुरुवार को रावण के पुतले को तैयार किया हैं। जिसका शुक्रवार शाम को दहन किया जाएगा। रावण का पुतला तैयार करने और उसे दहन करने को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है। निगोहां निवासी शिवा, आशीष, पुच्ची, करन, दीपू, बाबू, व कृष्ण आदि बच्चों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से दशहरा के दस दिन बाद निगोहां के अन्न पूर्णा मंदिर पर मेला लगता है। इसी दिन रावण दहन करने के लिए उन सभी दोस्तों ने मिलकर पैसे और सामान इकट्ठा किया है। इसके बाद पेपर, पटाखे आदि खरीदकर लाए। और गांव के कुछ बड़े मजदूरों की मदद के बाद दो-तीन दिन की मेहनत के बाद करीब 62 फीट लम्बे रावण के पुतले को तैयार किया है। शुक्रवार शाम को मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ मिलकर रावण के पुतले को जलाएंगे। उनके द्वारा तैयार किए पुतले को देखने मोहल्ले के अन्य बच्चे भी आ रहे हैं। निगोहा निवासी अजय, गोलू, शिवा, अमन, ब्रजेश, मोहन, मोनू, निखिल ने बताया कि शुक्रवार को वे सभी मिलकर रावण का पुतला जलाएंगे। उन्होंने काफी बड़ा रावण का पुतला बनाया है। और उनकी मदद के लिये मार्कण्डेय सिंह, गुड्डू सिंह करते है।

## संक्षेप

### ट्रक और डंपर में भीषण भिड़त, बाल बाल बचे वाहन सवार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के हरदोई बिल्हौर मार्ग पर देर शाम लगभग चार बजे बुलेरों कार को बचाने के प्रयास में पंचू गांव के सामने आराधना ढाबा के निकट सामने से आ रहे डंपर से ट्रक से टक्कर हो गई। भीषण टक्कर में दोनो वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। व ट्रक चालक परिचालक बाल बाल बच गए,चालक उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के सिविल लाइंस निवासी धीरज (28)पुत्र राजकुमार व परिचालक अवधेश बाल बाल बच गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली महिला को फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनो के होश उड़ गए पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दियाथाना दही क्षेत्र के गंगू खेड़ा निवासी राहुल की 32 वर्षीय पत्नी कीमती का शव घर के अंदर कमरे में फांसी फंदे पर लटकता देख परिजनो के होश उड़ गए पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया वही महिला की मौत पर ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएँ होती नजर आई।

### साइकिल यात्रा का सपा के कार्यकर्ताओ ने किया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। समाजवादी पार्टी की ओर से सामाजिक व आर्थिक समरसता तथा सामाजिक न्याय दिलाने के लिए निकाली जा रही समाजवादी पार्टी की साइकिल यात्रा का क्षेत्र के हफीजाबाद चौराहे पर सपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। सामाजिक व आर्थिक विषमताओं को दूर करने के लिए एवं बढ़ती बेरोजगारी, महगाई के विरोध में सपा द्वारा लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में साइकिल यात्रा प्रयागराज से शुरू की गई जो गुरुवार को क्षेत्र के हफीजाबाद चौराहे पहुँची जहाँ अखिलेश गुप्ता, मुन्ना अलवी, सेक्टर प्रभारी वसीम अल्वी, अवनीश, अंकुश, इंजीनियर अभिषेक आदि ने स्वागत किया। साइकिल यात्रा के साथ चल रहे सपाइयों ने कहा कि बेरोजगारी व महगाई ने कमर तोड़ दी है। चारों तरफ अपराध बढ़े हैं आगे आने वाला समय चुनौतीपूर्ण है इसलिए सभी को सचेत रहकर आगे की रणनीति बनाकर चलना होगा।

# चिकित्सा प्रभारी की लचर व्यवस्था के चलते मरीजो का लगता अंबार

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। पीएचसी चिकित्सा प्रभारी हिलौली के कार्यशैली से जनता परेशान है। रात्रि न रुकना मरीजो से रात्रि में ठीक से बात न करना इस समय अस्पताल चर्चा में बना हुआ है। समाजसेवी बीरेंद्र शुक्ला निवासी मोहल्ला केशी हिलौली ने प्रदेश के मुखिया सीएम योगी व डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एवं प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समेत जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आरोप लगाया कि जनपद के ब्लॉक हिलौली मुख्यालय हिलौली में स्थित पीएचसी अस्पताल में तैनात चिकित्सा प्रभारी की निष्क्रियता के चलते गांव में तेजी से फैल रहे डेंगू बुखार के प्रकोप से गांव में अब कई मौतें हो गई है। बीरेंद्र शुक्ला ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को पत्र के माध्यम से बताया कि मेरी पुत्री की अचानक तबियत खराब होने पर बीते शुक्रवार 27 दिनांक को समय करीब रात्रि 11 बजे चिकित्सा प्रभारी दीपक को दुरभाष द्वारा संपर्क किया गया। बातचीत के दौरान बुखार आने की समस्या बताते ही प्रभारी ने यह कहते हुए जवाब दिया कि रात्रि में डॉक्टर अस्पताल में रुकने का कोई प्रविधान नही है।और फोन कट हो गया।फिर वह सीएचसी मौरावां पहुंचे।वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनकी पुत्री का इलाज किया गया। वहीं आरोप लगाया कि गांव में तेजी से डेंगू बुखार आदि बीमारियों का प्रकोप काफी फैल गया है।लेकिन अब तक चिकित्सा प्रभारी द्वारा गांव में जांच के लिए कोई टीम नही भेजी गई है। और ना ही कैंप लगाया गया है।चिकित्सा प्रभारी की लापरवाही के कारण वॉयरल के साथ डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है।गांव में अब तक डेंगू बुखार से दर्जनों मौतें हो चुकी है।और कईयों का इलाज क्षेत्र के प्राइवेट अस्पताल से लेकर शहर के सरकारी अस्पतालों में चल रहा है।इसको देखते हुए भी गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम एक बार भी नही पहुंची।और ना ही कोई कैंप लगाकर जागरूकता आयोजन किया गया।इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वास्थ्य विभाग का डेंगू की रोकथाम को लगातार जांच करने का दावा कितना सही है।डेंगू से बचाव और जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रत्येक सीएचसी और पीएचसी को टीम गठन कर लोगों की जांच के निर्देश दिए है।इसके बावजूद भी चिकित्सा प्रभारी दीपक कुमार की ओर से गांवों में शिविर नही लगाए जा रहे है।लोगों को बीमार होने पर अस्पतालों में ही जांच कराने के लिए आना पड़ रहा है।स्थानी स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था व सुस्त गैर जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली के चलते बुखार का कहर गांव में थमने का नाम नही ले रहा है।प्राइवेट लैबों की जांच में डेंगू की पुष्टि हो रही है, लेकिन स्वास्थ्य महकमा डेंगू से मौतें होना मान नही रहा है।हालांकि मृतकों के परिजन डेंगू से जान जाने का दावा कर रहे है।दो दिवस पहले हिलौली के रहने वाले राजकुमार सिंह को कई दिनों से बुखार आ रहा था।पीएचसी में दिखाने के बाद राहत न मिलने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराने पर डॉक्टर ने जांच के बाद डेंगू होने की पुष्टि की हालत में सुधार न होता देख परिजन उन्हें बछरावां निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।जहां अचानक हालत ज्यादा खराब होने पर उन्हें राजधानी लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मंगलवार सुबह डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बीते माह में मोहल्ला रौताना के अनीस सिंह की पत्नी अर्चना सिंह को बुखार आने पर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।इनकी भी रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हुई।परिवार के लोग निजी अस्पताल में उनका इलाज करा रहे थे।हालत गंभीर होने के तुरंत बाद उन्हें लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचा गया। इलाज चल रहा था।वहीं 9 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। हालही में गांव की नजमीन की भी जांच में डेंगू बुखार संक्रमित पाए जाने पर इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। बीते माह से अब तक दर्जनों लोगों की बुखार से मौत हो गई है।डेंगू बुखार ने गांव हिलौली में अबतक का सबसे खतरनाक हमला किया है।गांव में हाहाकार मचा है।डेंगू के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कोशिशें बेअसर।फिलहाल पत्र भेजकर चिकित्सा प्रभारी की कार्यशैली एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निदेशों का उलंघन करने और अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता की जांच कराए जाने की मांग की गई।

# श्री राम की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

मियागंज, उन्नाव। आसीवन तरफ लोकमन में प्रत्येक वर्ष की भांति भाजपा नेता सौरभ तिवारी अगुवाई में भगवान श्री राम जी की भव्य शोभा यात्रा आयोजन के साथ देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में दर्शकों ने धनुष भंग के साथ कथा वाचक परशुराम की भूमिका में पंडित रामबाबू द्विवेदी तथा लक्ष्मण की भूमिका में आनंद अवस्थी के शास्त्रों का तर्कों का भरपूर आनंद लिया तथा बीच-बीच में दर्शक जय श्री राम के नारे लगाते हुए मौजूद जनता ने भरपूर लुत्फ उठाया इस मौके पर मुख्य अतिथि रुप में रहें भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक व पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत व भाजपा ने उत्तम चन्द्र लोधी गौ गीता गंगा रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय बी के मिश्रा आसीवन



थानाध्यक्ष संदीप मिश्रा। विजय शंकर दीक्षित रामकुमार द्विदी गोपाल शुक्ला आनन्द शुक्ला विजय सिंह नन्हेलाल रामशंकर सिंह सुरजभान सिंह शिवम शर्मा हजारों की संख्या में श्री राम भक्त रहे मौजूद।

# दहेज रहित किया जायेगा सामूहिक विवाह समारोह

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रजापति समाज के द्वितीय दहेजरहित सामूहिक विवाह समारोह के पूर्व आज सभी सात जोड़े वर वधू के लिए वस्त्रों का वितरण किया। उन्नाव प्रजापति सभा आगामी 27 नवम्बर को स्थानीय सामुदायिक भवन वृद्धाश्रम पीडीनगर में समाज के सात जोड़े वर वधू का विवाह करेगा। इसकी तैयारी बैठक भी की गई। समिति के अध्यक्ष गायत्रीप्रसाद प्रजापति की अध्यक्षता में सात जोड़े वर और वधुओं को अलग अलग वस्त्र दिए गए जो 27 नवम्बर को पहनकर आऐंगे और फेरे लेगें।

सात जोड़ों में सीता प्रजापति सिकन्दरपुर कर्ण, नीलम प्रजापति शहर, रोमी देवी बांगरमऊ, खुशबू



कानपुर देहात, अंजली कानपुर नगर, मानसी शुक्लागंज, रेशमा कुसैला, वहीं उनके वर को वस्त्र आदि दिए गए। बैठक में विशेष रुप से संगठन के बुद्धीलाल, गौरीशंकर, प्रेम प्रजापति, डा0 महाबीर, कन्हैयालाल प्रजापति, जगन्नाथ, रामनरेश के अलावा ब्लाक अध्यक्ष दिनेश प्रजापति, रामविलास, किशोरीलाल, संदीप, विशाल प्रजापति आदि लोगों कार्यक्रम को सफल बनाने की रुपरेखा तय की।

# विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया।

विधायक श्रीकान्त कटियार ने बताया कि यह बीमारी किसी को भी हो सकती है और इससे घबराना भी नही चाहिए समय समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस तरीके के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और मानसिक बीमारी का इलाज निशुल्क होता है।

विधानसभा उपचुनाव में जब मैं जीता था और कोरोना काल चल रहा



था लोगो को आक्सीजन की आवश्यकता थी और मैने लोगो की आवश्यकता को समझा और इसी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आक्सीजन का प्लांट लगवाया जो तीस मरीजों को एक साथ आक्सीजन की सप्लाई कर सकता है।

उत्तर प्रदेश की सरकार गरीब लोगो को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है और एक जिला एक मेडिकल कालेज पर काम कर रही है।आज आप किसी अस्पताल में जाइए आपको डॉक्टर और दवाएं दोनो मिलेगी।इस अवसर पर विधायक ने दो लोगो को मानसिक दिव्यांग प्रमाण पत्र दिया।

कार्यक्रम में सीएचसी प्रभारी मुकेश कुमार, अनितेश सिंह, प्रदीप सोनी, बालेश कनौजिया, शिवबली लोधी मौजूद रहे।

# वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा आरुणि मंथन से यज्ञ में आचार्यों ने प्रकट की अग्नि

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। विकास खंड असोहा क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटी बीर बाबा में चल रहे आठवें नवदीवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ एवम मानस वेदांत संत सम्मेलन के तीसरे दिन अयोध्या से आए आचार्यों ने कार्यक्रम के तीसरे दिन वैदिक रीति वा विधि विधान से अग्नि देव का आह्वान करते हुए आरुणि मंथन से यज्ञ शाला में अग्नि प्रगट की, अग्नि प्रगट होते ही सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भक्तो ने यज्ञ पुरुष भगवान के जयकारे लगाए। वही कथा के तीसरे दिन बनारस से आए कथा वाचक ओम प्रकाश शुक्ल ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की भक्ति में अनंत शक्ति होती है, भगवान ने अवतार भक्तो के लिए ही लिया, उन्होंने कहा की निस्वार्थ भाव से ईश्वर की भक्ति करना सच्ची भक्ति है, प्रभु का सच्चा भक्त वही है जो भगवान से प्रेम करते हुए सच्चे भाव से चाहता है। उन्होंने कहा की भागवत भजन करने से सुनने से पापो का विनाश होता है और मोछ की प्राप्ति होती है। आगे उन्हों ने कहा की जो व्यक्ति दूसरो को सुख बांटता है, दूसरो को खुंसी में खुशी ढूंढता है ऐसा व्यक्ति भगवान को बहुत प्रिय होता है। कार्यक्रम के दौरान जनार्दन प्रसाद शुक्ल, रजोल अवस्थी, सतीश अग्निहोत्री, विकास मिश्र, सिवम, रितेश, राज सोनी, बउवा सोनी, प्रताप सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थि रहे।

# भारतीय नौ सेना में चयन होने वाले बच्चो को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रथम महिला अग्निवीर भारतीय नौसेना में चयन होने वाली अर्पिता तिवारी सहित अग्निवीर भारतीय नौसेना में चयन होने वाले प्रबल शुक्ला व शुभम यादव को नरसेवा - नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी व समर्थ माँ समर्थ भारत की अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने टारगेट प्वाइंट एकेडमी व डिजिटल लाइब्रेरी उन्नाव में पहुंचकर तीनो बच्चो को माला वा अंगवस्त्र पहना कर व प्रतीकचिन्ह डायरी आदि देकर किया सम्मानित विमल द्विवेदी ने बताया कि तीनो बच्चे उन्नाव के पन्नालाल स्थिति टारगेट प्वाइंट एकेडमी व डिजिटल लाइब्रेरी में पढ़ते थे व साधारण परिवार से है अर्पिता तिवारी




के पिता सुशील तिवारी मूल रूप से माखी के रहने वाले है व वर्तमान में पी डी नगर में रहते है व प्राइवेट नौकरी करते है व माँ नीलम तिवारी ग्रहणी है व दो बहने वा एक भाई है वही प्रबल शुक्ला गौरी नवइ उन्नाव व शुभम यादव नगर के कासिफ अली सराय का रहने वाला है उन्होंने बताया कि तीनो बच्चो के माता पिता व गुरुजनो के द्वारा दी गयी शिक्षा व संस्कार का परिणाम है कि आज उन्होंने जनपद उन्नाव का गौरव बढ़ाया है हम सब उनके उज्वल भविष्य की कामना करते है इस अवसर पर प्रबंधक शैलेन्द्र त्रिवेदी वा अतुल चौरसिया सहित मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी सुरेश सिंह सेंगर विमल दीक्षित, नीतू सिंह सेंगर दीपा त्रिपाठी द्वारा शुभकामनाये प्रेसित की गयी

# जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ देवीपाटन मण्डल की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज बहराइच। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की मंडलीय बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल रोड पर आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रान्तीय मुख्य संरक्षक राधाकृष्ण पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में प्रान्तीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह तथा प्रान्तीय संयुक्त मंत्री भाई एम.सिराजुद्दीन न्यूटन मण्डल अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री तथा उनकी पूरी कार्यकारिणी के साथ साथ चारों जनपदों के जिलाध्यक्ष तथा जिला महामंत्री तथा अन्य तमाम पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

बैठक में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन बहाली के आगामी आंदोलन की रूप रेखा, शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं तथा 22&23 दिसम्बर 2023 को होने वाले प्रान्तीय निर्वाचन से संबंधित हर बिंदु पर गहन चर्चा की गई तथा जिलाध्यक्ष गोण्डा अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा सभी के साथ मिलकर निर्वाचन कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने का संकल्प लिया गया तथा मुख्य संरक्षक का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई जरवल अध्यक्ष डा. उबैदुर्रहमान, मंत्री अभिषेक सिंह और कोषाध्यक्ष नृपेंद्र पाण्डेय द्वारा किया गया।

# धनगर समाज द्वारा जारी, धरना स्थल पर महिलाओं ने पूजा करवा चौथ

### धनगर समाज अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। राष्ट्रीय धनगर महासभा के पदाधिकारियों द्वारा बहराइच कलेक्ट्रेट परिसर में 15 दिन से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना का उद्देश्य धनगर समाज के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाए जाने के संबंध में है। धनगर समाज के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए मांग की है कि 24 जनवरी 2019 को प्रभाव में लाए गए शासनादेश में धनगर समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश है। लेकिन बहराइच में अधिकारियों द्वारा धनगर समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। जिससे धनगर समाज धरने पर बैठा हुआ है। बुधवार को करवा चौथ के पर्व को महिलाओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर करवा चौथ का पूजन कर पति के दीघार्यु की कामना की। साथ ही जनपद के अधिकारियों और मुख्यमंत्री को गणेश भगवान सद्बुद्धि प्रदान करें इसके लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर राष्ट्रीय धनगर महासभा के



मंडल अध्यक्ष शिवनंदन धनगर एडवोकेट बाल गोविंद धनगर जिला अध्यक्ष राधेश्याम धनगर समेत सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष धरना स्थल पर बैठे हुए हैं।

# सपा जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रैली किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में लोक जागरण अभियान के तहत पी.डी.ए. साइकिल यात्रा को सफीपुर विधानसभा के पाल गेस्ट हाउस से सपा ज़िलाध्यक्ष राजेश यादव ने झंडी दिखा कर आगे के गंतव्य के लिये रवाना किया। वहीं साईकिल यात्रियों के साथ जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने साईकिल चलाकर उनका उत्साह बढ़ाया।



सपा ज़िलाध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि यह यात्रा 9 अगस्त से जनपद इलाहाबाद से 24 ज़िला, 100 विधानसभाओ और 20 लोकसभाओं से होकर करीब 5 हजार किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है। यह यात्रा कल बांगरमऊ विधानसभा का भ्रमण कर बिल्हौर होते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 22 नवम्बर को मुलायम सिंह यादव नेता जी के जन्मदिन के अवसर पर सैफई में इस यात्रा का समापन होगा। राजेश यादव ने कहा कि इस यात्रा का मकसद मौजूदा सरकार की गलत नीतियों को जन-जन तक पहुँचा कर जनता को सरकार के क्रत्यों को बताने का काम किया जा रहा है। आज किसान, नौजवान, छात्र, व्यापारी, महिलायें सभी त्रस्त है पूरे प्रदेश में स्वास्थ व्यवस्था ठप है शिक्षा महँगी हो गई। कानून का राज खत्म हो रहा वहीं लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए सभी का जागरूक होना अति आवश्यक है। साइकिल यात्रा में प्रमुख रूप से अखिलेश गुप्ता, अविनाश विद्यार्थी, राकेश शर्मा, राज साहनी, पंकज कुशवाहा, अर्पित वर्मा, आशुतोष तिवारी, राजवीर यादव, अखिलेश गुप्ता, जय सिंह, शुभम्, प्रिंस आदि अहम भूमिका निभा रहे है।

यात्रा को रवाना करते समय साधु यादव, आलोक निगम, राहुल अग्निहोत्री, लकी यादव, योगेन्द्र यादव, छोटे लाल भारतीय, मकसूद अली, मनोज रावत, अभिषेक कुशवाहा, मतसेंद्र गौड़, सोनल यादव सहित तमाम कार्यकर्तागण रहे।

# आयुष विभाग ने आयोजित किया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

### कार्यक्रम में आयु रक्षा किट का किया गया वितरण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशन में 'हर दिन हर किसी के लिए' आयुर्वेद की थीम एवं आयुष आपके द्वार के तहत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, नगर बहराइच की ओर से बदलते मौसम में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं आयु रक्षा किट वितरण का कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग एवं थारू जनजाति महिला विकास समिति द्वारा संचालित स्थानीय वृद्धाश्रम, अमीनपुर, नगरौर में आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने बदलते मौसम में होनी वाली सामान्य बीमारियों पर वरिष्ठ नागरिकों के साथ चर्चा की एवं उनसे बचाव के उपाय बताए। इसके साथ ही आयुष मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु एवं प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी के निदेर्शानुसार रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने एवं सर्दियों के रोगों से बचाव हेतु आयुष रक्षा किट का भी वितरण किया गया। प्रत्येक किट में एक आयुष काढ़ा, एक च्यवनप्राश, अणु तेल व संशमनी वटी रहती है। जो मौसम के बदलाव से होने वाले सर्दी, जुकाम, बुखार से लोगों को बचाती भी है और एवं इन रोगों का उन्मूलन भी करती है। इस कार्यक्रम में वृद्ध आश्रम के संचालकों का, नगर चिकित्सालय के फार्मासिस्ट श्री राजेश मिश्रा जी एवं श्री शाहिद का सराहनीय सहयोग रहा।



# कानपुर राजमार्ग पर कंटेनर में पीछे से घुसी कार, दो की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बजेहरा मोड़ के पास गुरुवार की देर शाम उन्नाव से लखनऊ की ओर जा रही है एक तेज रफ्तार कार कंटेनर से जा भिड़ी। टक्कर लगने से कार में सवार चार लोगों में दो की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हाईवे पर हादसे की सूचना पर सोहरामऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए नवाबगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पहचान कर घटना की जानकारी परिवारीजनों को दी



जनपद कानपुर के आशा नगर गल्ला मंडी नौबस्ता निवासी आशुतोष शुक्ला पुत्र चंद्र शेखर अपने साथी जय कुमार तिवारी निवासी जनपद फतेहपुर राजा उर्फ आशुतोष गुप्ता पुत्र विजय निवासी खाडेपुर नौबस्ता कानपुर गौतम कुमार सक्सेना निवासी बिलहौर देर शाम मारुति कार से लखनऊ की ओर जा रहे थे की लखनऊ कानपुर राजमार्ग के थाना सोहरामऊ क्षेत्र के बजेहरा मोड़ के पास आगे जा रहे कंटेनर ट्रक में पीछे से कार जा टकराई जिससे चारो कार सवार गाड़ी में बुरी तरह फस गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारो को कार से निकाल कर सी एच सी नवाबगंज ले गए जहां पर चिकित्सक ने आशुतोष शुक्ला व जय कुमार को मृत घोषित कर दिया दो घायलों की गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस ने दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया वही हादसे की जानकारी उनके परिजनो को दी गई

चिंतन

# डीएनए जांच का देशव्यापी सिस्टम व्यवहारिक नहीं

बच्चों के पिता की पहचान के लिए होने वाली डीएनए जांच की व्यवस्था देश भर में लागू करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार जहां निजता के अधिकार का संरक्षण है, वहीं सामाजिक उथलपुथल की संभावना को खारिज करना भी है। उच्चतम न्यायालय ने माता-पिता का पता लगाने के लिए डीएनए परीक्षण समूचे देश में लागू करने की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए कहा कि डीएनए टेस्टिंग देशभर में लागू नहीं की जा सकती, हम पूरा सिस्टम नहीं चला सकते। सिस्टम चलाना संभव नहीं, केस पर फैसले हो सकते हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से ये भी पूछा कि ये कैसी याचिका है? उच्चतम न्यायालय ने माता-पिता बनने के विवादों पर फैसला करने के लिए देश भर में डीएनए परीक्षण की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से ही इनकार कर दिया। पूर्व में वर्ष 2021 में संपत्ति विवाद के निपटारे के दौरान अपने एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि डीएनए टेस्ट निजता के अधिकार के खिलाफ है। उस वक्त भी सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों से नियमित रूप से डीएनए टेस्ट के आदेश नहीं देने के लिए अपील की थी। देश में डीएनए टेस्ट के लिए कुछ तय नियम-कानून हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि किन हालातों में यह टेस्ट कराना अनिवार्य है। टेस्ट के पहले जरूरी है कि सभी पक्ष सहमत हों, वह भी जिसका नमूना लिया जाना अपरिहार्य है। यह टेस्ट अधिकृत एवं विश्वसनीय प्रयोगशालाओं में ही कराया जा सकता है। पितृत्व विवाद, क्रिमिनल केस आदि में बिना अदालत की अनुमति के यह टेस्ट नहीं कराया जा सकता। हालाँकि, कोई भी महिला-पुरुष इस संबंध में अदालत के सामने जा सकते हैं। कोर्ट पूरे प्रकरण को सुनने के बाद गुण-दोष के आधार पर तय करेगी कि टेस्ट की अनुमति देना है या नहीं? टेस्ट के लिए नमूना संग्रह में किसी भी तरह की जोर-जबरदस्ती नहीं की जा सकती। लैब निर्देशानुसार अपनी रिपोर्ट तैयार करके देती है। डीएनए टेस्ट रिपोर्ट सबूत के रूप में अदालत में पेश किए जा सकते हैं, जरूरत पड़ने पर अदालत प्रयोगशाला के साइंटिस्ट को बतौर गवाह बुला सकती है। आमतौर पर इस टेस्ट का इस्तेमाल जटिल आपराधिक मामलों को सुलझाने, पेटरनिटी संबंधी प्रकरण तथा अनेक बार लावारिस मृत की पहचान आदि के मालों में करने की परंपरा रही है। बालासोर रेल हादसे में मारे गए लोगों की पहचान करने में भी इस टेस्ट का सहारा लिया गया था। दिल्ली में बहुचर्चित श्रद्धा की हत्या मंग भी यह टेस्ट कराया गया था। विज्ञान की यह तकनीक बहुत पुरानी नहीं है। 39 साल पहले यानी साल 1984 में दुनिया ने इस टेस्ट के बारे में जाना। देखते-देखते अब यह बहुत लोकप्रिय हो चुका है। अनेक केस इसके माध्यम से सुलझाए जा चुके हैं। अभी तक इस टेस्ट पर कोई सवाल नहीं उठा है। यह सर्वोत्तम तकनीक के रूप में दुनिया के सामने है। ब्रिटिश साइटिंस्ट एलेक जैफरीज ने इसे दुनिया के सामने रखा था। अपने देश में इस टेस्ट की शुरुआत प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ लालजी सिंह ने की। साल 1991 में उन्होंने एक अदालत में पैटरनिटी विवाद को सुलझाने के लिए पहली बार टेस्ट रिपोर्ट दी थी। ऐसी परिस्थितियों में जहां रिश्ते को साबित करने या विवाद निपटाने के लिए अन्य सबूत उपलब्ध हैं, तो अदालत को आमतौर पर डीएनए टेस्ट का आदेश देने से बचना चाहिए, क्योंकि इसके बड़े सामाजिक परिणाम भी हो सकते हैं।



दो टूक
अवधेश कुमार

यहोवाज विटनेसेस ईसाई धर्म से निकला हुआ एक समूह है। यह मुख्य धारा के ईसाई समुदाय कैथोलिक व प्रोटेस्टेंट आदि से अलग विचार रखता है। केरल में लगभग तीन दशक पहले इस समूह के तीन बच्चों पर उनके स्कूल में राष्ट्रगान का अपमान करने पर कार्रवाई की थी। मार्टिन ने घटना के बाद छह मिनट का एक वीडियो जारी किया, जिसमें कह रहा है कि उसने इसलिए किया क्योंकि इस संगठन की शिक्षाएं देशद्रोही है। इसकी विचारधारा खतरनाक है और इसलिए इसे राज्य में समाप्त करना होगा। पिछले कुछ समय से केरल में भारत विरोधी हिंसक मजहबी कट्टरपंथ की चिंताजनक गतिविधियां सामने आई हैं। इन हरकतों पर सरकारों को कठोर एक्शन लेना चाहिए।

# केरल में कट्टरपंथी खतरे की घंटी

किसी आतंकवादी घटना की गंभीरता का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं होता कि उसमें कितने लोगों की मौत हुई। केरल में एर्नाकुलम जिले के कलामसेरी के कन्वेंशन सेंटर यानी सम्मेलन केंद्र में हुआ विस्फोट हर दृष्टि से डराने और चिंतित करने वाली घटना है। निस्संदेह , तीन व्यक्तियों की मृत्यु तथा 51 लोगों का घायल होना सुरक्षा एजेंसियों के लिए थोड़ी राहत का विषय है। हालांकि एक व्यक्ति की भी मृत्यु या घायल होना हमारे लिए चिंता का विषय होना चाहिए। यहोवाज विटनेसेस या यहोवा विटनेस समुदाय के तीन दिनों के कार्यक्रम में 2000 के आसपास लोग उपस्थित थे। तीन विस्फोट का मतलब इसकी पहले से पूरी तैयारी की गई थी। यह भी साफ हो गया है कि विस्फोट ईईडी से ही हुआ। अभी यह कहना मुश्किल है कि कोच्चि निवासी डोमिनिक मार्टिन नामक व्यक्ति द्वारा घटना की जिम्मेवारी लेने का सच क्या है। क्या वह अकेले इस विस्फोट में शामिल था या उसके साथ अन्य लोग थे? जो कुछ वह कह रहा है उतना ही सच है या इसके पीछे कोई व्यापक षड्यंत्र है? राष्ट्रीय जांच एजेंसी या एनआईए और केरल का आतंकवाद निरोधी दस्ता की छानबीन के बाद इसका पूरा सच सामने आएगा। किंतु केरल सरकार द्वारा बिना सोचे समझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आरोपित करने से ज्यादा गैर जिम्मेदार कुछ नहीं हो सकता। तो केरल के रुख और यहोवाज विटनेसेस के साथ इस समय देश का जैसा वातावरण है और विशेष कर केरल में जैसा तनावपूर्ण माहौल बनाया गया है उनकी गहराई से विवेचना आवश्यक है।

यहोवाज विटनेसेस ईसाई धर्म से निकला हुआ एक समूह है। इसका मुख्यालय अमेरिका के न्यूयार्क के वारविक में है और माना जाता है कि इस समय विश्व भर में इसके पचासी लाख सदस्य हैं। इसे इंटरनेशनल बाइबल स्टूडेंट्स एसोसिएशन की इकाई माना जाता है जिसकी स्थापना चार्ल्स टेज रसेल ने वर्ष 1872 में पीट्हवर्ग में की थी। यह मुख्य धारा के ईसाई समुदाय कैथोलिक प्रोटेस्टेंट आदि से अलग विचार रखता है। इसके अनुसार होली ट्रिनिटी यानी पवित्र त्रयी गॉड, द फादर; गॉड , द सन;-- यीशू : गाड था होली स्पिरिट में ये विश्वास नहीं करते। ये यहोवा को गॉड ऑफ द बाइबल और सभी चीजों के निर्माता के रूप में करते हैं।

यहोवाज विटनेस के लोग यीशु मसीह को ईश्वर न मानकर उनका पुत्र मानते हैं तथा स्वयं को वास्तविक क्रिश्चियन कहते हैं। यह क्रिसमस और ईस्टर जैसी छुट्टियां भी नहीं मानते। इनके सामाजिक नियम और रीति- रिवाज काफी सख्त हैं जिसमें तलाक लेने और रक्त लेने तक का निषेध है। स्वाभाविक अन्य ईसाई मतावलंबियों के साथ इनका तनाव होता है। जो ईसा मसीह को ईश्वर मानते हैं वो ईश्वर न मानने वालों का विरोध करेंगे। ये लोगों के बीच अपना विचार प्रसार कर उन्हें अपने साथ शामिल करने की कोशिश करते हैं और इससे भी तनाव पैदा होता है। ध्यान रखिए, केरल में लगभग तीन दशक पहले इस समूह के तीन बच्चों पर उनके स्कूल में राष्ट्रगान का अपमान करने पर



अनुशासन तो कार्रवाई की थी और यह मामला उच्चतम न्यायालय तक गया था। यह समुदाय अपने विस्तार के लिए ऐसी बातें बोलता है, जिससे निस्संदेह भारत विरोध या यहां की सभ्यता संस्कृति सामाजिक व्यवहार आदि की निंदा और उनके अंत करने तक की बातें होती हैं। केरल में चर्च की कुछ गतिविधियां भी समाज को असहज करने वाली रही हैं और उनका विरोध होता रहा है।

मार्टिन ने घटना के बाद छह मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें कह रहा है कि उसने इसलिए किया क्योंकि संगठन की शिक्षाएं देशद्रोही है। इसकी विचारधारा खतरनाक है और इसलिए इसे राज्य में समाप्त करना होगा। उसका कहना है कि उसने कई बार संगठन को अपनी शिक्षा या विचार को सही करने को कहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उसके अनुसार चूंकि मेरे पास कोई अन्य विकल्प नहीं था, इसलिए मैंने यह निर्णय लिया। यहोवाज विटनेस ने उसे अपना पंजीकृत सदस्य मानने से इन्कार किया है। जिस तरह डोमिनिक मार्टिन बयान दे रहा है उससे नहीं लगता कि समूह से उसका संबंध नहीं रहा होगा। निश्चित रूप से इस घटना के बाद डोमिनिक मार्टिन के साथ समूह की ,गतिविधियों, विचारों , संसाधनों आदि की व्यापक छानबीन होगी।

किंतु पिछले कुछ समय से केरल में भारत विरोधी हिंसक मजहबी कट्टरपंथ की चिंताजनक गतिविधियां सामने आईं हैं। इजराइल और हमास युद्ध के बाद वैसे तो देश का वातावरण ही काफी संतप्त और तनावपूर्ण बनाया जा चुका है, लेकिन केरल में लगभग प्रतिदिन कहीं न कहीं कोई छोटी बड़ी रैली या धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। इस विस्फोट के एक ही दिन पूर्व केरल की एक रैली को हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल ने संबोधित किया था, जिसमें उसने कहा था कि बुलडोजर, हिंदुत्व और यहूदीवाद को उखाड़ फेंकना है। तात्कालिक विस्फोट से सीधे इसका संबंध हो या नहीं हो किंतु स्थिति कितनी खतरनाक है कि विदेश में बैठे हिंसक संगठन का पूर्व प्रमुख वर्चुअल भारत की रैली को संबोधित करते हुए हिंसक विद्रोह के लिए उत्तेजित करता है व लोग तालियां बजाते हैं। भाजपा को छोड़कर किसी पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया।

केरल सरकार को इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए थी। ऐसा न करने से केवल उन तत्वों का ही नहीं हिंसा की मानसिकता पालने वाले सभी का हौसला बढ़ता है। केरल सरकार के प्रवक्ता का बयान है कि पूरा केरल फिलिस्तीन के नाम पर एकजुट है और अगर यह विस्फोट उसे तोड़ने के लिए है तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकार की यह मानसिकता डरावनी है। केरल में फिलिस्तीन के नाम पर हो रही रैलियों और प्रदर्शनों में सत्तारूढ़ वाम मोर्चा के साथ कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्षी मोर्चा के नेता भी शामिल हो रहे हैं। हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल के रैली में शामिल होने के बाद भ्रम दूर हो जाना चाहिए। इसके बाद यह कहना ज्यादा आसान हो गया है कि इजराइल विरोध के नाम पर हमास का समर्थन किया जा रहा है। पार्टियां, संगठन अपने बयानों और गतिविधियों से पूरे देश का माहौल तनावपूर्ण बना रहे हैं। पूर्णिया में सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ तो महाराष्ट्र में मुंबई से लेकर कई स्थानों पर प्रदर्शनों में उत्तेजक नारे और भाषण हो रहे हैं। इसके परे भी राजनीतिक मतभेद को पार्टियां इस तरह प्रकट करती हैं, मानो देश के अंदर युद्ध की स्थिति हो। ऐसे तनावपूर्ण वातावरण में कोई असंतुलित व्यक्ति और समूह हिंसा की सीमा तक जा सकता है। यहां तक कि उनकी अपनी सुरक्षा एजेंसियों की सूचनाओं को भी बार कई बार उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता जितनी ली जानी चाहिए। केंद्र की ओर से हमास व इजराइल के बीच युद्ध के बाद सभी राज्यों को सुरक्षा अलर्ट दिया गया था।

जयंती विशेष
विवेक शुक्ला



# बापू से उस मनहूस दिन क्यों मिले थे सरदार पटेल

उस दिन तारीख थी 21 अप्रैल, 1947। देश को आजादी मिलने में अब कुछ ही वक्त शेष था। सरदार वल्लभभाई पटेल दिन में करीब साढ़े 12 बजे अपने 1, एपीजे कलाम रोड ( तब औरंगजेब रोड) के घर से निकले। उन्हें राजधानी के सिविल लाइंस स्थित मेटकॉफ हाउस जाना था। वे वहां करीब 25-30 घंटे में पहुंच गए होंगे। मेटकॉफ हाउस में उनका इंतजार कर रहे थे इंडियन सिविल सर्विस (आईसीएस) के अफसर। पटेल ने उन अफसरों के सामने सुराज के महत्व पर चर्चा की। अपने ओजस्वी वक्तव्य में उन्होंने अफसरों से कहा कि उन्हें आजाद भारत में जनता के हितों को सदैव सर्वोपरि रखना होगा। उन्होंने सिविल सेवकों को भारत का स्टील फ्रेम कहा। अफसरों से मुखातिब होने के बाद लौह पुरुष सरदार पटेल अपने आवास में वापस आ गए, जहां पर वे दो -ढाई कमरों में अपनी पुत्री मणिबेन के साथ बेहद सादगी के साथ रहते थे। वे 2 सितंबर, 1946 को पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में शामिल होन के चलते दिल्ली आ गए थे। सरदार पटेल सरकार में गृह और सूचना विभागों को देख रहे थे। उस कैबिनेट में कांग्रेस की तरफ से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, सी. राजागोपालाचारी, बाबू जगजीवन वगैरह भी थे। इन सबको लुटियन दिल्ली में सरकारी आवास आवंटित हुए थे। पटेल ने सरकारी आवास लेने से विनम्रता से इंकार कर दिया था। उनके करीब 10 नंबर के बंगले में मोहम्मद अली जिन्ना रहते थे। जिस घर में सरदार पटेल रहते थे वह उनके मित्र बनवारी खंडेलवाल का था। उन्होंने ही सरदार पटेल से उनके घर में रहने की पेशकश की थी। सरदार पटेल ने इसी में रहते हुए देश को आजादी मिलने के बाद 562 रियासतों का भारत में विलय करवाया। उस कठिन दौर में सरदार पटेल के साथ दिन रात उनके विश्वासपात्र सलाहकार वीपी. मेनन रहा करते थे। स्वतंत्रता के बाद वे सरदार पटेल के प्रधान सचिव बनाए गए। सरदार पटेल ने इसी घर में रहते हुए हैदराबाद रियासत में पुलिस एक्शन की रणनीति अपने सलाहकारों के साथ मिलकर बनाई थी। उस पुलिस कार्रवाई को 'ऑपरेशन पोलो' कहा जाता है। यह 13 सितंबर, 1948 को सुबह चार बजे शुरू हुआ। इस एक्शन के बाद हैदराबाद रियासत का भारत में विलय हुआ था।



सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के पहले उपप्रधानमंत्री के साथ पहले गृह, सूचना तथा रियासत विभाग के मंत्री थे। अगर आप कभी सरदार पटेल के घर के आगे से निकले तो यहां दिन-रात ट्रैफिक चल रहा होता है। सड़क के दोनों तरफ लगे घने और बुजुर्ग नीम, इमली और जामुन के पेड़ों के पीछे सरदार पटेल का घर दिखाई दे जाता है। इस बीच, सरदार पटेल दिल्ली में रहते हुए महात्मा गांधी से लगातार जरूरी मसलों पर सलाह लेने के लिए मिला करते थे। वे उस मनहूस 30 जनवरी 1948 को गांधी जी से मिलने वाले संभवतः अंतिम शख्स थे। वे गांधी जी से मिलने शाम करीब साढ़े चार- पौने पांच बजे के आस-पास 5, तीस जनवरी मार्ग (पहले अलबुर्कर रोड) पर पहुंचे। वे सीधे गांधी जी के कक्ष में चले गए। तब गांधी जी की सर्वधर्म प्रार्थना सभा का समय होने ही वाला था। प्रार्थना सभा शाम को पांच बजे शुरू हो जाती थी। आकाशवाणी के लिए उनकी सभा की रिकार्डिंग करने वाले के.डी मदान भी पहुंच गए थे। मदान साहब बताते थे- " जब बिड़ला हाउस के भीतर से गांधी जी प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए निकले तब मेरी घड़ी के हिसाब से 5.16 मिनट का वक्त था। हालांकि ये कहा जाता है कि 5.17 बजे उन पर गोली चली। उस दिन बापू से मिलने पटेल आए थे।" खैर, ये रहस्य ही रहा कि पटेल उस दिन गांधी से किस विषय पर बात करने के लिए आए थे।

बहरहाल, अफसोस होता है कि आजाद भारत के इतिहास से जुड़े दो अहम स्थानों क्रमशः मेटकॉफ हाउस और 1, औरंगजेब रोड के बाहर कोई शिलापट्ट लगाने की किसी ने कोशिश नहीं की, ताकि देश की युवा पीढ़ी को पता चलता कि सरदार पटेल का दिल्ली का घर और मेटकॉफ हाउस का क्या महत्व है।

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गाँव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहाँ बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

अंतर्मन




आज की पाती

### भारत को बदनाम करने की साजिश तो नहीं

ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 का आंकड़ा आ गया है। इसमें हमारे देश को 111वां स्थान 125 देशों में से मिला है। कुछ लोगों का यह भी तर्क है कि भारत को बदनाम करने के लिए उसे श्रीलंका, बांग्लादेश व पाकिस्तान आदि देशों से भी पीछे दिखाया जा रहा है। सभी को मालूम है कि पाकिस्तान में लोग महंगाई के कारण सरकार से दुखी हैं। श्रीलंका का आर्थिक संकट भी संकेत करता है कि वहां की आर्थिकी कमजोर है। इसके बावजूद इन देशों को भारत से मजबूत दिखाना संदिग्ध लगता है। इसके बावजूद अगर भारत की स्थिति कमजोर है, तो सरकार को इस रपट को स्वीकार करते हुए इस दिशा में सुधार के प्रयास करने चाहिए। कुछ विदेशी रेटिंग एजेंसियां भी कई बार ऐसे आंकड़े प्रस्तुत करती है जिस पर सहसा विश्वास नहीं होता। – *विकास परसाई, राजनांदगांव*

करंट अफेयर

## रूस ने अमेरिका पर तनाव बढ़ाने का लगाया आरोप

रूस के रक्षा मंत्री सर्गेइ शोइगु ने सोमवार को कहा कि अमेरिका अपना 'आधिपत्य' बनाए रखने के लिए भूराजनीतिक तनावों को हवा दे रहा है । साथ ही उन्होंने प्रमुख देशों के बीच टकराव के खतरे को लेकर आगाह किया। बीजिंग में रक्षा मंच 'शियांगशन फोरम' को संबोधित करते हुए शोइगु ने यह भी कहा कि अमेरिका और उसके एशिया-प्रशांत सहयोगी क्षेत्र में स्थिरता को कमजोर कर रहे हैं। यह सैन्य कूटनीति पर केंद्रित चीन का सबसे बड़ा वार्षिक कार्यक्रम है।



ऑफ बीट

## मनुष्य मृत्यु के बाद के जीवन से रहा आकर्षित

जैसे-जैसे हैलोवीन करीब आता है, हम भूतों, राक्षसों और पिशाचों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। लेकिन मृत्यु के बाद के जीवन और दूसरी दुनिया के प्रति आकर्षण कोई नई बात नहीं है : दुनिया भर की भूत की कहानियां साबित करती हैं कि यह प्रागैतिहासिक काल से मानव अनुभव का हिस्सा रहा है। 5,000 साल पहले लेखन के आविष्कार से पहले भी, मनुष्यों को उन सामानों के साथ दफनाया जाता था जो उनके बाद के जीवन में उपयोगी हो सकते थे, जैसे पीने के बर्तन या हथियार। यद्यपि प्रागैतिहासिक कब्र के सामान के अर्थ के बारे में कुछ बहस है, मेसोपोटामिया के भूत विशेषज्ञ इरविंग फिंकेल दृढ़ता से तर्क देते हैं कि वे एक विश्वास को प्रतिबिंबित करते हैं



ट्रेंड

### घटनास्थल से हटे डिब्बे

विशाखापत्तनम-पलासा के आगे से 11 डिब्बे अगले अलमंदा स्टेशन पर पहुंचे। ट्रेन के पीछे के नौ डिब्बों को पिछले स्टेशन कंटाकपल्ले तक वापस ले जाया गया है। पटरी से उतरे और प्रभावित डिब्बों के अलावा सभी को घटनास्थल से हटा दिया गया।
-अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री



### आस्था कम नहीं हुई

जब इंदिरा जी को गोली मारी गई तो हम दोनों भाई-बहन स्कूल में थे। पिता जी बंगाल दौरे पर थे, मां अस्पताल में थीं। 7 साल बाद मेरे पिता के साथ भी वही हुआ, लेकिन मेरी इस देश में आस्था और देशभक्ति कम नहीं हुई।
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष



### कोई सुझाव नहीं दिया

मैंने आईसीसी या किसी भी क्रिकेट संकाय को किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना या इनाम देने के संबंध में कोई सुझाव नहीं दिया है। मेरा क्रिकेट से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। कृपया इस तरह के व्हाट्सएप फॉरवर्ड और वीडियो पर विश्वास न करें।
-रतन टाटा, उद्योगपति



### ज्ञान का विस्तार

मुझे यात्रा करना बहुत अच्छा लगता है। दोस्तों, जब भी आपको समय मिले तो कहीं भी यात्रा करें। अपने गृह नगर या अपने दोस्तों के घर। परिवार के साथ या अकेले। यात्रा आपके ज्ञान का विस्तार करती है।
-रश्मिका मंदाना, अभिनेत्री



## संक्षेप

### राठ में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की बिगड़ी हालत

**इलाज को ले जाते समय मौत, खेती-किसानी में पति का करती थी सहयोग**

राठ, हमीरपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने से एक महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राठ कोतवाली क्षेत्र के कुम्हरिया गांव की निवासी 35 वर्षीय महिला मालती पत्नी ब्रजेन्द्र की अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे आनन फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला मालती को मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि मृतका मालती अपने पति के साथ खेती किसानी के कार्य में सहयोग कर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करती थी। राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### हमीरपुर में सर्पदंश से किसान की मौत

**बुआई के लिए बीज निकाल रहा था, अचानक निकल आया सांप**

राठ, हमीरपुर में खेत में बुआई के लिए घर के भंडार गृह से बीज निकाल रहे किसान को जहरीले सर्प ने काट लिया। जिसके बाद किसान की हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे आनन फानन में इलाज हेतु जिला चिकित्सालय हमीरपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने किसान का प्राथमिक उपचार कर उसकी अत्यधिक नाजुक हालत को देखते हुए हैलट रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही किसान की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राठ के जलालपुर थाना अंतर्गत कुपरा गांव का निवासी 33 वर्षीय किसान नरेंद्र कुमार पुत्र बिंदा जो कि जो कि खेतों में बुआई करने के लिए अपने घर के भंडार ग्रह से बीज निकाल रहा था। तभी अचानक जहरीले सर्प ने उसे काट लिया। जिसके बाद जिला चिकित्सालय हमीरपुर से कानपुर ले जाने के दौरान ही किसान नरेन्द्र कुमार की रास्ते में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक नरेंद्र कुमार अपने पिता की चार बीघा कृषि भूमि में अपने भाइयों के साथ खेती किसानी एवं पशुपालन कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मामले में जलालपुर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कतर्नियाघाट जंगल में चलाई तेज कार

## मुर्तिहा रेंजर ने वसूला ढाई हजार जुर्माना

अमन लेखनी समाचार




मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में तैनात एक रेंजर के तानाशाही रवैया के चलते ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि रेंजर आए दिन लोगों को प्रताड़ित कर तरह-तरह के शुल्क वसूलते हैं। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों से न्याय की गुहार लगाई है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के वन ग्राम बिछिया निवासी सरोज गुप्ता ने जन सुनवाई पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज कराई है जिसमें वन विभाग के मुर्तिहा वन क्षेत्राधिकारी के खिलाफ गम्भीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की गयी है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि वह अपने साथियों के साथ कतर्नियाघाट-मिहीपुरवा मार्ग पर जंगल में जा रहा था मुर्तिहा रेंजर ने मुर्तिहा छावनी चौकी के पास उनकी गाडी रोककर गाड़ी का पेपर दिखाने की बात कही गई इस दौरान ग्रामीण सरोज गुप्ता ने परिचय पूंछ लिया जिससे मामला बिगड़ गया जिससे वन रेंज क्षेत्राधिकारी गुस्सा हो गये और उन्हें जंगल में तेज गति से वाहन चलाने व हॉर्न बजाने के झूठे आरोप में उनसे 25 सौ रुपए का जुमार्ना वसूल लिया। वहीं इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी मुर्तिहा ने बताया कि जंगल के अन्दर हार्न बजाना तथा निर्धारित गतिसीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक होना दोनों वन अधिनियम के विपरीत है। यह बता कर माफी नामा की बात की लेकिन यह बात नही माने और अभद्रता करने लगे जिससे जुमार्ना लगाया गया। ज्ञात हो कि बहराइच जिले के मिहीपुरवा तहसील की लगभग एक लाख आबादी जंगल के किनारे निवास करती है जिनका प्रमुख मार्ग एन एच 730 एच कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के भीतर से गुजरता है। मिहीपुरवा से कतर्नियाघाट के बीच 45 किलोमीटर जंगल का रास्ता है। जिसमें कतर्नियाघाट प्रभाग की कई रेंज पड़ती है जिसपर पर्यटकों समेत सुजौली व मुर्तिहा थाना क्षेत्र के नागरिक रोजाना आवागमन करते हैं। बुधवार की दोपहर को वनग्राम बिछिया निवासी वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सरोज गुप्ता अपने परिवार के साथ चार पंहिया वाहन से मिहीपुरवा जा रहे थे मुर्तिहा छावनी चौकी के पास मुर्तिहा रेंजर ने जंगल में उन्हें रोककर गाड़ी का पेपर दिखाने की बात कही गई।

जिसपर उनका परिचय पूछने पर वह आगबबूला हो उठे और तेज गति से गाड़ी चलाने व हॉर्न बजाने के झूठे आरोप में उन्हें रेंज कार्यलय ले गए। जहां काफी देर उन्हें बिठाया गया जिसके बाद झूठे आरोप में उनसे जुमार्ने के तौर पर 2500 रुपए का शुल्क जमा कराया गया। जबकि शुल्क वसूलने वाली पर्ची पर मात्र पर्यटन शुल्क लिखा है। सूत्रों की माने तो रेंजर द्वारा ग्रामीणों पर यह पहला मामला नहीं है। कई अन्य लोग भी रेंजर से पीड़ित हो चुके हैं लेकिन रेंजर का मनमाना रवैया ग्रामीणों में आक्रोश भरता जा रहा है।

# निराश्रित गौवंशो के लिए संचालित होगा 60 दिवसीय विशेष संरक्षण अभियान

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 1 नवम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 दिन का 60 दिवसीय निराश्रित गौवंश संरक्षण विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिये गये है शासन के निर्देश के क्रम में बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट से मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने शासन द्वारा नामित देवी पाटन मण्डल के नोडल अधिकारी डॉ नीरज गुप्ता, अपर जिलाधिकारी गौरव निरंजन श्रीवास्तव व अन्य के साथ कैटल कैचर एवं अन्य सम्बन्धित वाहनो के दस्ते को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ बद्री नाथ त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के दौरान जनपद में निराश्रित गौवंशों को राजस्व, विकास, नगर विकास, पशु पालन, पंचायती राज विभागों एवं गृह विभाग के सहयोग से पकड़कर गौआश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जायेगा। पूर्व से संचालित गौ आश्रय स्थलों की क्षमता वृद्धि, प्रस्तावित एवं निमार्णधीन अस्थाई एवं बृहद गौ आश्रय स्थलों का संचालन शुरू करवाते हुए उनमें भी गौवंशो का संरक्षण किया जाना है। संरक्षण अवधि के दौरान सभी विकास खण्ड स्तर पर राजस्व, विकास, नगर विकास, पशु पालन, पंचायती राज विभागों एवं गृह विभागों की टीम जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में कार्य करेंगी। जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गौवंश संरक्षण विशेष अभियान की नियमित रूप से समीक्षा की जायेगी। नगरीय क्षेत्रों में अभियान की समीक्षा अपर जिलाधिकारी द्वारा की जायेगी। अभियान के प्रथम चरण में जनपद को जोड़ने वाले राष्ट्रीय व राज्य मार्गो बहुतायत से निराश्रित गौवंश पाये जाने वाले स्थानों पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर संरक्षण अभियान संचालित किया जाएगा।

# आठ सौ ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थानाध्यक्ष अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उप निरीक्षक अमित सिंह, एसआई शैलेंद्र कुमार यादव, आरक्षी रामनरेश की टीम बृहस्पतिवार को ग्राम शिवराजपुर के निकट से मुफीद अहमद पुत्र लतीफ अहमद को एक ढाबे के पास से गिरफ्तार किया। मुफीद अहमद जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल नगर पंचायत के मोहल्ला कटरा दक्षिणी का निवासी है। उसके पास से 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। मुफीद के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# डबल कमाई की गारंटी है रबी में मक्का की खेती: डॉ पीके सिंह

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्विद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच प्रथम पर निकरा परियोजना के अन्तर्गत चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विषय ₹मक्का बीज उत्पादन तकनीकी₹ का चल रहा है। जिसमे केंद्र के प्रभारी अधिकारी व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.पी.के. सिंह ने बताया कि अगर किसान धान और गेहूं की जगह मक्का की खेती करे तो अधिक लाभ कमा सकते है। उन्होंने बताया कि एक एकड़ में गेहूं का उत्पादन 12 - 15 कुंटल तक ही मिल पाता है, अगर वही मक्का की खेती करे, तो 30 - 40 कुंटल प्रति एकड़ उत्पादन मिल जाता है। साथ ही किसानो को बताया कि बीज जनित रोगों से बचाव हेतु बीज को थीरम 2.5 ग्राम अथवा



कार्बान्डाजिम 50 प्रतिशत की 2 ग्राम मात्रा में प्रति किलोग्राम बीज की दर से शोधित करके बोना चाहिए। डा. पी. के. सिंह. (उद्यान) ने बताया की खेत की तैयारी के लिए दोमट मिट्टी रबी मक्का के लिये उपयुक्त होती है। निकरा परियोजना के सहायक समन्वयक डा.नीरज सिंह ने बताया सामान्यतः 1-2 जुताई मिट्टी पलटने वाले हल या डिस्क हैरो से करके मिट्टी भुरभुरी बना लें। मक्के को मेढ़ पर बुवाई हेतु ट्रैक्टर चालित रिजर कम प्लांटर की मदद से किया जा सकता है। डॉ सिंह ने ये भी बताया की जिन किसानो के खेत जल भराव क्षेत्र मे है व खरीफ मे बाढ़ की समस्या बनी रहती है, वो लोग रबी या ज्याद की मक्के की फसल का चुनाव करे जिससे से खरीफ मे होने वाले मक्के की फसल के नुकसान से बचा जा सक। रबी मक्का की उपयुक्त बुआई का समय 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक का है। समय से बुवाई करके अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक डा.अरुण कुमार राजभर ने बताया की जहा गेहूं के प्रति एकड़ उत्पादन से 18-20 हजार रुपए की बचत होती है जबकि अगर मक्का की खेती की जाय तो प्रति एकड़ 40 हजार रुपए से अधिक बचत किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना में कार्यरत यंग प्रोफेशनल कुसाग्र सिंह व इन्दर, संगीता, मिनिषा, कुंती, लखन आदि प्रगितिशील कृषक मौजूद थे।

# त्यौहारी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायः कृष्णा विमल

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अधिशासी अभियन्ता (रेस्पो) शक्ति भवन, लखनऊ कृष्णा विमल ने जनपद भ्रमण के दौरान अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, बहराइच शैलेन्द्र कुमार के साथ शहरी क्षेत्रों में स्थापित उपकेन्द्रों का निरीक्षण करते हुए समस्त अवर अभियन्ताओं को गुणवत्तापूर्वक विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। इससे पूर्व श्री विमल ने विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में अनुरक्षण माह तथा विद्युत विभाग आपके द्वार अभियान अन्तर्गत संचालित विभागीय गतिविधियों तथा प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ह्वह्वरिवैम्प योजनाह्वह्व की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में विद्युत कैम्प लगाकर



राजस्व वसूली एवं बिल संशोधन इत्यादि कार्यों को सम्पन्न कराया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि समस्त पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराया जाय।

# अमेठी एएसपी ने ली परेड की सलामी

- पुलिस लाइन का किया निरीक्षण, कर्मियों को आम जनमानस के प्रति अच्छा व्यवहार रखने की दी हिदायत

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी के अपर पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने मान प्रणाम ग्रहण करते हुए परेड का निरीक्षण किया और अधिकारियों कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने के निर्देश दिए। एएसपी ने भोजनालय परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दरअसल, मंगलवार को अमेठी के अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले मान प्रणाम ग्रहण करते हुए परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहते हुए आम जन मानस से उचित व्यवहार और अपराधों की रोकथाम और समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक हिदायतें दीं।

एएसपी ने पुलिस लाइन के भोजनालय, बैरक, परिवहन शाखा में साफ सफाई रखने के साथ ही क्वार्टर गार्ड, स्टोर, कैश और गणना कार्यालय का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण को लेकर एएसपी हरेंद्र कुमार ने कहा कि आज पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली गई है। साथ ही भोजनालय बैरक आदि में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं। क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा, कैश स्टोर और गणना कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया है। आम जनमानस के प्रति पुलिस कर्मियों का व्यवहार अच्छा हो इसके लिए भी हिदायत दी गई है। साथ ही अपराध पर रोकथाम और समाज मे शांति व्यवस्था बनाए रखने के भी हिदायत दिए गए हैं।

# सुल्तानपुर का कलश बना देश का अनोखा कलश

## कर्तव्य पथ पर पहुंचा तो देखने वालों का लगा तांता, 5 फीट ऊंचाई तो 36 किलोग्राम है वजन

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर से दिल्ली ले जाए गए 5 फीट ऊंचे कलश ने आखिर जिले का मान बढ़ा ही दिया। ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह द्वारा तैयार कराया गया पीतल का कलश देश की राजधानी में चर्चा का विषय बना है। आजादी के अमृत महोत्सव योजना के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश जिले से दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहुंचा है। इंडिया गेट पर आज पीएम इस कार्यक्रम का समापन करेंगे। बता दें कि बीते 16 अक्टूबर को 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के मद्देनजर 70 किमी लंबी कलश यात्रा बल्दीराय ब्लॉक से निकाली गई थी। जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह व एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जो बल्दीराय तहसील की 65 ग्राम सभाओं से होते हुए देर शाम जिला मुख्यालय पर पहुंची थी। यहां एडीएम प्रशांत सिंह व एएसपी विपुल श्रीवास्तव ने कलश यात्रा का स्वागत किया था। इसके बाद इसे केशकुमारी बालिका इंटर कॉलेज में रखा गया था। फिर दुबेपुर ब्लॉक से कलश यात्रा 27 अक्टूबर को लखनऊ के लिए रवाना की गई। जिसमें डीएम कृतिका ज्योत्सना व एसपी सोमेन बर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लखनऊ से कलश यात्रा अब दिल्ली पहुंच गई है। ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने बताया कि अमृत कलश यात्रा में 5 फिट ऊंचाई का कलश तैयार किया गया था। जिसका वजन करीब 36 किलो के आसपास था। उन्होंने ये भी बताया कि यूपी भर में इकलौता अनोखा कलश बना है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। सभी स्थानों से इसमें मट्टी जमा कर डाली गई है। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुति की झलकियां भी देखने को मिली थी। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए थे।

ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने बताया कि यह यात्रा निकालकर हम संदेश देना चाहते हैं कि हमारे ग्राम की मिट्टी हमारे घर परिवार की मिट्टी राष्ट्रीयता के बारे में सबसे बड़ा संदेश है कि हमारा भारत देश एक है। हम लोग यही संदेश देना चाहते हैं कि एकता में बहुत बल है।

# लालगंज में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

- सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई जयंती, विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



लालगंज, प्रतापगढ़ में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि और सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने दोनों लोगों को श्रद्धासुमन अर्पित कर व्यक्तित्व पर चर्चा की। लालगंज कांग्रेस कमेटी की ओर से इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पटेल सर्किल पर पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। रुलर्स बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने कहा कि इंदिरा गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश की अखंडता व एकता के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। वहीं देश की स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल के प्रयासों से ही अखंड भारत के निर्माण का सपना पूरा हुआ। लालगंज मॉडल प्राथमिक विद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस और आयरन लेडी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया और इन महापुरुषों को याद किया गया। प्रधानाध्यापक वीरेश सिंह और विद्यालय के अध्यापकों द्वारा इन महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया की कोतवाली नगर गुदड़ी निवासी सचिन श्रीवास्तव के विरुद्ध फखरपुर थाने में दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज है। बृहस्पतिवार को उप निरीक्षक बिंदेश्वरी प्रसाद यादव और एसआई राजनारायण त्रिपाठी की टीम ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# शॉर्ट-सर्किट से किराना स्टोर और मिष्ठान भंडार में लगी आग

- करीब 5 लाख का सामान जलकर राख, दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या में अमरगंज बाजार में सोमवार की रात करीब 11 बजे किराना स्टोर एवं मिष्ठान भंडार में भीषण आग लग गई। आग से लगभग 5 लाख रुपये से अधिक का समान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। वहीं मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, खंडासा थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर से अमानीगंज जाने वाले मार्ग स्थित अमरगंज बाजार में सोमवार की रात लगभग 11 बजे किराना स्टोर एवं मिष्ठान भंडार की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इससे बाजार में अफरा तफरी मच गई। बाजार वासी आग बुझाने में लगे लेकिन दुकान बंद होने के चलते आग बुझ नहीं रही थी। जिसके चलते बाजार वासियों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन मिल्कीपुर प्रभारी नितेश शुक्ला फायर ब्रिगेड के जवान अविनाश यादव, अखिलेश सिंह, विकास कुमार, विकास चौधरी, संदीप भट्ट व चालक दिनेश मिश्रा को लेकर मौके पर पहुंचे। आग बुझाने में जुट गए। बाजार वासियों के सहयोग से 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# संक्षेप

## बुखार से शिक्षक की मौत से शोक की लहर

### शामली जनपद के रहने वाले थे शिक्षक योगेश, स्कूल से आने के बाद बिगड़ी थी हालत

सीतापुर, सीतापुर में डेंगू और बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां एक शिक्षक की बुखार आने के बाद कम हुई प्लेटलेट्स के बाद लखनऊ ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गयी। शिक्षक की मौत के बाद शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। विकासखंड सकरन के प्राथमिक विद्यालय कम्हरिया कटेसर में कार्यरत शिक्षक योगेश कुमार का तेज बुखार के चलते निधन हो गया। योगेश कुमार शामली जनपद के ऊंच गांव के निवासी थे। जिनका चयन 72825 भर्ती में 2015 में हुआ था। जनकारी के अनुसार, 2015 से प्राथमिक विद्यालय कम्हरिया कटेसर में कार्यरत थे। सपरिवार बिसवां में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते थे। बताया जाता है कि स्कूल करके वापस बिसवां आए तो तेज बुखार के रहते दिक्कत का अनुभव किया तो स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां गए। जहां पर चिकित्सकों ने हालत खराब देखकर उन्हें सीतापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से हालत ठीक ना होने पर उनको लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय इटौंजा के नजदीक उन्होंने दम तोड़ दिया। खंड शिक्षा अधिकारी सकरन ओंकार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया सूचना मिली है तेज बुखार होने से प्लेटलेट्स कम हो गई थी जिसके कारण उनकी मौत हो गई।

## बुलंदशहर में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

### पुलिस-प्रशासन ने दिलाई एकता की शपथ, प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

बुलंदशहर, बुलंदशहर के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा भारतरत्न, लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) विवेक कुमार मिश्र अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका सिंह तथा सिटी मजिस्ट्रेट सत्य प्रकाश सिंह सहित समस्त कलेक्ट्रेट के अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। सभी अधिकरी/कर्मगण को राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई गयी।

# ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन में खराब प्रगति वाले ब्लॉको के सचिवों की डी पी आर ओ ने की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू योजना अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन में वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित ग्राम पंचायत जिसमें विकासखंड बड़हलगंज, पाली, उरुवां, सरदारनगर, खोराबार, ब्रह्मपुर के पंचायत सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत की विकास भवन के एनआरएलएम मीटिंग हॉल में ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों के सापेक्ष धनराशि व्यय में फिसड्डी वाली ग्राम पंचायत की समीक्षा की गई प्रदेश में 10 खराब जनपद में गोरखपुर आठवीं पायदान पर होने की वजह से निरंतर निदेशक पंचायती राज एवं प्रमुख सचिव पंचायती राज द्वारा इसकी समीक्षा की जा रही है जिसके क्रम में आज जिला पंचायत राज्य अधिकारी निलेश प्रताप सिंह ने इसकी समीक्षा कर पंचायत सचिवों को एक सप्ताह का समय देते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं कार्य पूर्ण करा कर उसका जिओ टैग करने तथा ओ डी एफ गांव को मॉडल घोषित किए जाने की हेतु निर्देश दिए गए साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किए जाने तथा उसे एकीकृत कूड़ा प्रबंधन केंद्र पर इकट्ठा कर सेगरीगेट किए जाने हेतु भी बल दिया गया, तथा कूड़ा कलेक्शन के नाम पर यूजर चार्ज भी ग्रामीणों से लिया जान हेतु निर्देशित किया गया, समीक्षा बैठक में बच्चा सिंह जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, ऋषिकेश सिंह, विषय विशेषज्ञ ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा उक्त विकास खंडों के सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा समस्त पंचायत सचिव उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा की गाजेबाजे के साथ निकली कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां नगर पंचायत वार्ड संख्या 7 बगिया गेट केशोपुर कस्बे में बृहस्पतिवार को श्रीमद्भागवत कथा एवं स्मृति महोत्सव का शुभारंभ हुआ।सात दिनों तक चलने वाली कथा में वृंदावन धाम से पधारे मानस महाराज ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराया।कथा के पहले दिन उन्होंने भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा जीव को भय से मुक्त बनाती है।यह समस्त व्यथाओं को दूर करने का सर्वोत्कृष्ट साधन है। भागवत कथा का आयोजन वार्ड नंबर सात बगिया गेट केशोपुर में स्वर्गीय विद्या त्रिपाठी की पावन स्मृति में किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास मानस महाराज ने कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है।जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया ठीक उसी प्रकार भागवत कथा भी जीव को अभय बना देती है।कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है।यह परमहंसों की संहिता है।भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है। कथा के शुभारंभ अवसर पर सबसे पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा कथा स्थल से निकलकर लुचुई,काली मंदिर,स्टेशन रोड,जूट मिल,बेलहर समय माता मंदिर होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची।इस दौरान राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी ने लोगों का मन मोह लिया।कलश यात्रा में कस्बे के पुरुष व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस अवसर पर कथा की मुख्य यजमान दुर्गावती देवी,विधायक प्रदीप शुक्ल,पूर्व विधायक शीतल पाण्डेय,नगर पंचायत अध्यक्ष संजू सिंह,पूर्व चेयरमैन सुमन सिंह,संजय शुक्ल,रत्नेश पाण्डेय,नागेंद्र सिंह,पुरुषोत्तम अग्रवाल,डॉ एमपी शुक्ल,गोपाल गुप्त,रामप्रकाश यादव,मनोज जायसवाल,सन्तोष गुप्त,विकास राय,विनय सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# करवा चौथ व्रत रखकर महिलाओं ने पति के लम्बी उम्र की कामना की

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र में करवाचौथ का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व पर महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की करवा चौथ व्रत रखकर कामना की। बताया जाता है कि कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष चतुर्थी को यह व्रत जो करवा चौथ पर्व के रूप में मनाया जाता है। माताएं एवं सुहागिन पति की दीघार्यु की कामना करते हुए अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए शाम के समय मंदिर जाकर पूजा अर्चन करती हैं इस पर्व पर सुहागन महिलाएं निराजल व्रत रखकर अपने पति की उन्नति और सफलता प्राप्त व सुख समृद्धि की कामना करने के लिए यह व्रत रखकर भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना करतीं हैं व्रत पर माताएं चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती है एवं चन्द्र दर्शन करते हुए परिक्रमा करती है एवं चलनी से चन्द्र व पति का दर्शन करते हुए पति के हाथ से जल ग्रहण करती हैं उसके बाद व्रती द्वारा इस व्रत को समाप्त किया जाता है । जानकारी के अनुसार इस व्रत में पूजा का बड़ा महत्व है जिसमें पूजन सामग्री में चंदन शहद ,कुश, चलनी, अगरबत्ती ,फूल ,अक्षत, दूध, दही घी, शक्कर ,सिंदूर ,कंगी चूड़ी, एवं कच्चा घड़ा का विशेष महत्व है यह व्रत है भगवान शिव एवं माता पार्वती का विशेष त्यौहार है यह त्यौहार सभी माताए बहने मनाती हैं।एवं नियम पूर्वक व्रत का पालन करती है एवं मंगल कामना करती हैं।क्षेत्र के जैतपुर, खानिमपुर, छपिया, कुसम्ही, नगवां, तेनुआ, नेवास, बड़गहन आदि गांवों में धूमधाम से मनाया गया।

# झाड़ू फूंक के बहाने तांत्रिक और उनके दो चेले ने छात्रा के साथ किया दुष्कर्म केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। उरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा जो गीडा थाना क्षेत्र में रहकर परीक्षा की तैयारी करती थी।एक तांत्रिक और उनके दो चेलो ने झाड़ फूंक के बहाने पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। और उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहे थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस तांत्रिक और उसके दो चेलो के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से उरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा जो वर्तमान समय में गीडा में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रही थी। जिसका संपर्क इमलीडीहा थाना सिकरीगंज निवासी एक त्रांत्रिक से था। 8 जुलाई 2021 को रात्रि में 9 बजे के करीब तबीयत खराब होने पर तांत्रिक के पास गई तो तांत्रिक और उनके दो अज्ञात चेलों ने पानी में कुछ मिला कर पिला दिया। जिससे चक्कर आने पर तीनो ने मिलकर दुष्कर्म करने के साथ उसका वीडियो बना लिया। और उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी देने लगे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तांत्रिक मकालू पुत्र खान मोहम्मद निवासी इमलीडीहा थाना सिकरीगंज व इसके दो अज्ञात चेलो के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा का प्रयास शिकायत

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत कुवाबार के राजस्व गांव मेहरुकुंडल में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी शिकायत प्रधान ने उपजिलाधिकारी सहजनवा से किया है। मिली जानकारी से मेहरूकुंडल गांव में राजस्व विभाग द्वारा सरकारी भूमि पर रास्ते के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित की गई थी। जिस पर रास्ते का निर्माण होना था। लेकिन वर्तमान समय में गांव का एक व्यक्ति उस भूमि पर कब्जा करने के लिए सामान गिरा चुका है। और कब्जा करने के प्रयास में लगा हुआ है। प्रधान प्रेम यादव ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर कारवाई करने की मांग किया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी है। यदि सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया है तो उसे हटाया जायेगा।

# नर्सिंग छात्राओं ने दी कचरा निपटान की जानकारी



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जंगल कौड़िया में मास हेल्थ एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मास हेल्थ एजुकेशन के विषय, कचरे का निपटान के परिचय से हुई। छात्राओं ने विभिन्न तरह के पोस्टर एवं स्वरचित कविता के माध्यम से गांववासियों को कचरे के निपटान के तरीकों की जानकारी दी। अगले चरण में चार्ट पेपर व ऑडियो विजुअल माध्यम से वेस्ट डिस्पोजल के बारे में जागरूक किया गया। आराधना एवं निधि सिंह के नेतृव में आयोजित इस कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग पंचम सेमेस्टर की 15 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# विधानसभा बांसगांव क्षेत्र में कांग्रेस ने लगाई दलित बस्ती में चौपाल

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। विधानसभा बांसगांव क्षेत्र के बनियापर में अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह ने कहा कि गैर कांग्रेसी सरकारों ने प्रदेश के दलितों को सिर्फ ठगने का काम किया हैं, कांग्रेस सदैव दलित भाइयों के उत्थान, कल्याण और सम्मान की लड़ाई लड़ता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव / जिला प्रभारी अमरेन्द्र प्रताप मल्ल ने भी दलितों से संवाद किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान और संचालन नगर अध्यक्ष सुभाष चंद दास ने किया । कार्यक्रममें जिला कांग्रेस कमेटी के तौकीर आलम, महेंद्र नाथ मिश्र, प्रवीन पासी, अनुराग पांडेय, सुनील तिवारी , विपिन मिश्र, सुराली प्रसाद, कन्हैया राजभर, एवं ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल पांडेय धनंजय सिंह, गया प्रसाद, जीतबन्धन प्रसाद , अभिषेक राय, एवं भारी संख्या में कार्यकर्तागण और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# दस नवंबर तक स्कूलों में चलेगा टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.गीतम सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक के निदेर्शानुसार जनपद में 01 से 10 नवंबर तक स्कूल आधारित टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि इस अभियान में कक्षा 1, कक्षा 5 एवं कक्षा 10 के डीपीटी/टीडी टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण होना है। कक्षा 1 में अध्ययनरत 5 वर्ष के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर डोज, कक्षा 5 में अध्ययनरत 10 वर्ष के बच्चों को टीडी-10 एवं कक्षा 10 में अध्ययनरत 16 वर्ष के बच्चों को टीडी-16 वैक्सीन से आच्छादित किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.पुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि अभियान में गैर टीकाकरण दिवसों में समस्त राजकीय व निजी विद्यालयों में उक्त अभियान के लिए सत्र आयोजित किए जाएंगे। नियमित टीकाकरण दिवसों बुधवार एवं शनिवार में स्कूल न जाने वाले एवं अन्य डीपीटी बूस्टर-2/टीडी-10/टीडी-16 वैक्सीन से छूटे बच्चों को आच्छादित किया जाएगा। अभियान से पूर्व शिक्षकगण, अभिभावक बैठक/स्कूल डायरी के माध्यम से अभिभावकों को अभियान के लिए संदेश प्रसारित कर टीकाकरण के लिए सहमति प्राप्त करेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील की है कि डिप्थीरिया (गलघोंटू) एक घातक बीमारी हैखइससे बचाव के लिए सभी बच्चों का टीकाकरण कराया जाना अति आवश्यक है। अतः अभियान में उक्त टीकों से जनपद के छूटे हुए सभी छात्रों को टीका लगवाया जाए।

# प्रशासन ने अवैध शराब विक्रेता को किया गिरफ्तार

खबर का असर

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर




अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अनेक ग्राम पंचायतों में परचून की दुकानों पर बिक रही अवैध देशी शराब की खबर प्रमुखता से अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई जिसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल अमौली चौकी प्रभारी संदीप कुमार तिवारी ने अपने हमराही पुलिस फोर्स के साथ थाना क्षेत्र के केवटरा गांव में एक दुकान पर छापेमारी की छापेमारी के दौरान परचून का दुकानदार सुरेश पुत्र जगन्नाथ निवासी क्योटरा थाना चांदपुर गिरफ्तार हुआ वही मौके पर दुकान के अंदर 18 अदद टेट्रा पैक देसी शराब बरामद हुई चौकी इंचार्ज संदीप कुमार तिवारी ने सराहनीय कार्य करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की इस मौके पर चौकी प्रभारी के साथ हमराही मुख्य आरक्षी विनोद दिवाकर आरक्षी मुकेश कुमार आदि की टीम मौजूद रही क्षेत्र की एक परचून की दुकान में छापेमारी की सूचना पाकर गांव समेत क्षेत्र के अन्य ग्राम पंचायतों के दुकानदारों में खलबली मच गई वहीं चौकी इंचार्ज ने कहा कि अवैध देशी शराब बेचने वालों के कारण गांव में लड़ाई झगड़ा तथा घटनाएं होती हैं ऐसे मामलों पर प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा पकड़े गए अपराधी पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी चौकी इंचार्ज के इस सराहनीय कार्य को देखते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने अधिकारी की जमकर प्रशंसा की ।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत गांव गांव लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

### अपराध नियंत्रण को लेकर जनपद के कलेक्टर सभागार में हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद में अपराध के नियंत्रण तथा महिला सुरक्षा को लेकर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रावधान सरकार द्वारा सुनिश्चित किया गया मुद्दे को लेकर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में अध्यक्षता करते हुए बैठक संपन्न की बैठक के दौरान जनपद के ग्रामीण क्षेत्र संवेदनशील तथा अति संवेदनशील ग्राम पंचायतों के मुख्य चौराहे तथा संवेदनशील बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे के लगाने के विषय में गहन वार्ता की मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत स्तर में एक समिति का गठन करते हुए सार्वजनिक स्थान को चिन्हित कर सीसीटीवी कैमरे लगाऐ जाए इसके लिए त्रिनेत्र ऑपरेशन चलाते हुए पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से कार्य सुनिश्चित किया जाएगा सीसीटीवी कैमरे लगने से महिलाओं को सुरक्षा तथा अपराध में नियंत्रण होगा इसके साथ-साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम तथा लाउडस्पीकर अधिष्ठापन किया जाए जिससे सामान्य जन सूचना तथा मौसम की चेतावनी की सूचना समय-समय पर आमजनमानस को मिलती रहे इस अवसर पर बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के साथ अपर जिला अधिकारी अविनाश त्रिपाठी न्यायिक अपर जिलाधिकारी धीरेंद्र प्रताप अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र राज सिंह समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी घर मौजूद रहे

# सरधना में शॉर्ट-सर्किट से कपड़ा गोदाम में लगी आग

### मालिक बोला- लाखों का हुआ नुकसान, फायर ब्रिगेड घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



सरधना, सरधना में सोमवार को अचानक कपड़ा गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने हाथों में बाल्टी लेकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सरधना के मोहल्ला धरमपुर निवासी नूर मोहम्मद पुत्र रिजवान के कपड़ा गोदाम में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक से आग लगने से हड़कंप मच गया। लोग बाल्टी उठकर पानी भरकर डालना शुरू कर दिया, लेकिन आग नहीं विकराल रूप धारण कर लिया। इसके बाद लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कपड़ा गोदाम के मालिक नूर मोहम्मद ने लाखों का नुकसान बताया है। सरधना थाना प्रभारी रमाकांत पचौरी ने बताया कि गोदाम में लगी आग पर काबू पा लिया गया।

# जालौन में महिलाओं को बांटी साड़ियां व श्रृंगार का सामान

### मानव विकास समाजसेवी संस्था की करवाचौथ पर पहल, 401 महिलाओं को किया वितरण

अमन लेखनी समाचार




जालौन, महिलाओं के सबसे बड़े पर्व करवाचौथ को लेकर जालौन की मानव विकास समाजसेवी संस्था ने अनोखी पहल शुरू की है। सोमवार को संस्था की ओर से 401 सुहागिन असहाय, गरीब महिलाओं को साड़ियां और श्रृंगार का समान वितरित किया गया, जिससे महिलाएं करवा चौथ पर विधि-विधान से पूजा कर सकें। इस दौरान महिलाओं के चेहरे खिल उठे। उन्होंने संस्था की सराहना की और कहा कि वह अब इस त्योहार अच्छे ढ़ंग से मना सकेंगी। 1 नवंबर को देश में करवा चौथ का पर्व विधि-विधान के साथ मनाया जाएगा। इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं पति की लम्बी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। इस पर्व को लेकर जालौन में मानव विकास समाजसेवी संस्था ने अनोखी पहल करते हुए असहाय और गरीब महिलाओं को साड़ी और श्रृंगार का सामान वितरित किया। उरई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने प्रतिभाग किया और उन्होंने गणेश प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज 401 महिलाओं को करवा चौथ पर्व के पहले यह श्रृंगार और साड़ी का सामान वितरण किया। करवा चौथ पर महिलाएं व्रत रखती हैं उनका यह त्योहार अच्छा हो इस मंशा को लेकर उन्होंने असहाय और गरीब महिलाओं को यह सामग्री मानव विकास समाजसेवी संस्था के माध्यम से वितरित की है।

खास समाचार

## सड़क किनारे बेहोशी हालत में मिला अज्ञात युवक, ट्रामा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बृहस्पतिवार को एक अज्ञात युवक संदिग्ध अवस्था में बेहोशी हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार ना होता देख ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। सोशल मीडिया के माध्यम से युवक की शिनाख्त में जुटी पुलिस माल थाना क्षेत्र के ग्राम सैदापुर चौराहे के पास सड़क किनारे शाम करीब साढ़े 6 बजे एक अज्ञात युवक उम्र करीब (25) युवक संदिग्ध अवस्था में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। नागरिकों की सूचना पर पुलिस ने उसे उपचार के लिए माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बेहोश युवक शरीर पर ब्लैक और ग्रीन कलर की टीशर्ट पहने हुए था। जामा तलाशी में युवक के पास से किसी प्रकार का कोई दस्तावेज नही प्राप्त हुआ। जिससे युवक की पहचान हो सके। समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। उधर स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक बेहोशी की हालत में बेसुध अवस्था में सैदापुर चौराहे के पास सुनसान सड़क किनारे पड़ा था।

## घोरावल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 - 151/2023 से सम्बन्धित प्रकरण में 2 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा आज दिनांक 02.11.2023 को थाना घोरावल पर पंजीकृत मु0अ0सं0-151/2023 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506 भादवि व 3(2)(५), 3(1)द, ध रउ/रळ अ़३ से सम्बन्धित प्रकरण में 02 नफर अभियुक्तगण 01. रामप्रवेश पुत्र रामप्यारे निवासी ग्राम दुधिया थाना करमा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 35 वर्ष, 02. राजेश कुमार पुत्र गुलाब प्रसाद निवासी ग्राम करौली थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र तहसील मोड़ घोरावल के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## एसपी ने यातायात जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा किया रवाना

हमीरपुर। यातायात जनजागरूकता माह नवम्बर के प्रथम दिवस पर पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने विद्यालय की छात्रा से फीता कटवाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से लगभग 350 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य सभी लोगो को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी। सभी को कभी यातायात नियम नही तोड़ेंगे की शपथ दिलाई। साथ ही उनसे अपेक्षा की आप अपने परिवार व आस-पड़ोस में भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों/ सार्वजनिक स्थानों में 30 नवंबर तक इसी तरह के जागरूकता शिविर आयोजित कर जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाएंगे। जिससे आगामी समय में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने उपस्थित छात्रों से यातायात जागरूकता संबंधी प्रश्न पूछे, सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया

## पं. दीन दयाल उपाध्याय प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के चयन ट्रायल की तिथियां घोषित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। पण्डित दीन दयाल प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष हैण्डबाल, सीनियर महिला फुटबाल, वालीबाल सीनियर महिला तथा सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल तथा प्रदेशीय प्रतियोगिता के आयोजन की तिथियां का निर्धारण कर दिया गया है।

जिला स्तरीय चयन ट्रायल इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम व मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल क्षेत्रीय खेल कार्यालय गोण्डा में सम्पन्न होंगे। यह जानकारी देते हुए उप क्रीडाधिकारी अनुपमा धानुक ने बताया कि सीनियर पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता वर्ग के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल 03 नवम्बर तथा मण्डलीय चयन ट्रायल 04 नवम्बर, सीनियर महिला फुटबाल वर्ग के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल 04 नवम्बर तथा मण्डलीय चयन ट्रायल 07 नवम्बर, वालीबाल सीनियर महिला वर्ग के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल 03 नवम्बर तथा मण्डलीय चयन ट्रायल 04 नवम्बर तथा सीनियर पुरूष कुश्ती वर्ग के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल 16 नवम्बर तथा मण्डलीय चयन ट्रायल 17 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से सम्पन्न होगा।

उप क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि सीनियर वर्ग की पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता 06 से 09 नवम्बर तक जिला खेल कार्यालय, मुरादाबाद, सीनियर वर्ग की महिला फुटबाल प्रतियोगिता 18 से 25 नवम्बर तक जिला खेल कार्यालय, गोरखपुर, सीनियर वर्ग की महिला वालीबाल प्रतियोगिता 16 से 19 नवम्बर तक जिला खेल कार्यालय, मेरठ में तथा सीनियर वर्ग की पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता 20 से 22 नवम्बर 2023 तक जिला खेल कार्यालय, अलीगढ़ में सम्पन्न होगी। जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपनी जन्मतिथि प्रमाण पत्र की मूल प्रति व छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित खिलाड़ी चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियो को मण्डल स्तर पर तथा मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु भेजा जायेगा।

## जालसाज ने सीआरपीएफ सिपाही के खाते से 59 हजार रुपये की रकम किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। साइबर जालसाज ने बीते दिनों बिजनौर निवासी एक सीआरपीएफ सिपाही को क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने के लिए खाते से रकम न काटने की प्रक्रिया बंद करने के लिए लिंक भेज कर उसके खाते से 59 हजार रुपये की रकम पार कर दी। खुद के साथ धोखाधड़ी होने की भनक लगने पर सीआरपीएफ जवान ने बिजनौर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से नेपाल के गुलमी जिला स्थित हस्तिचौर निवासी केएस पदम बहादुर थापा राजधानी की बिजनौर स्थित 91 बटालियन सीआरपीएफ में सिपाही पद पर तैनात है। उसका कहना है कि बीती 21 अक्टूबर को उसने अपने आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड का गोपनीय पिन सक्रिय किया। इसके बाद उसके फोन पर मोबाइल 7458979421 से फोन आया। फोन करने वाले ने उसे बताया कि क्रेडिट कार्ड चालू रखने में कटने वाले 600 रुपये को बंद कराने के लिए एक लिंक भेजा जा रहा है। जिसे सक्रिय करना होगा। पीड़ित का कहना है कि बाद में उसके मोबाइल पर लिंक आया और उसने जैसे ही उसे सक्रिय किया तो दो बार में उसके खाते से कुल 59190 रुपए कट गए। खाते से रकम कटने का मोबाइल पर मैसेज आते ही उसे अपने साथ जालसाजी होने की भनक लगी और पदम बहादुर थापा ने आनन फानन इसकी सूचना बिजनौर पुलिस को दी। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर सेल की मदद से जालसाज का पता लग रही है। उधर सरोजनीनगर के मुरली विहार निवासी हरिशंकर के खाते से भी जालसाजों ने बीते दिनों 16999 रुपये की रकम पार कर दी। हरिशंकर का कहना है कि उसका खाता केनरा बैंक की सरोजनीनगर शाखा में है। हरिशंकर के मुताबिक बीती 29 अक्टूबर को पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे अचानक उसके मोबाइल पर 16999 रुपए खाते से निकलने का मैसेज आया। मैसेज देखते ही उसके होश उड़ गए और उसने आनन फानन बैंक के टोल फ्री नंबर से बात कर पुष्टि होने के बाद साइबर सेल में शिकायत करने के साथ ही सरोजनीनगर पुलिस को इसकी सूचना दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## भारतीय जनता पार्टी युवाओं के लिए दे रही सुनहरे अवसर

**– प्रत्येक कार्यकर्ता का संबंध दिखेगा सुरक्षित, कार्यकर्ता के मनोबल से ही मिलती है मजबूती**

अमन लेखनी समाचार

बिछवां/मैनपुरी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी के साथ संगठन के जिला विस्तारक व विधानसभा विस्तारक ने क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा किया साथी कार्यकताओं के साथ बैठक श्री राम इंटर कॉलेज जसवंतपुर मै भी की। कस्बा बिछवा स्थिति दक्ष मिश्रा सुमित मिश्रा समाजसेवी के यहां पत्रकारों से वार्ता भी की।

कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है यहां कार्यकताओं के कार्य के बदले उनका मान सम्मान सुरक्षित रहता है। भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ता को ही जिम्मेदारी का पद देती है प्रत्येक कार्यकर्ता लगन व मेहनत से अपने कार्य का निर्वहन करें। कार्यकर्ता और की मेहनत से ही सफलता की ओर बढ़ा जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी आम जनमानस के लिए सेवा भाव का कार्य कर रही है प्रत्येक दिशा में भारत की प्रदेश की स्थिति अब लोगों के सामने है। प्रदेश में अराजकता गुंडागर्दी पर अंकुश लग चुका है। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अनुशासित रहता है और उसी का परिणाम है कि जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के साथ मन भाव से कार्य करती है। और जनता आशीर्वाद देती है। आगामी चुनाव के लिए प्रत्येक विधानसभा में विस्तारक अपना कार्य कर रहे हैं जिले पर संगठन अपना कार्य कर रहा है साथ ही जब हम लोग अपने बूथ पर पूरी तरह से सभी कार्यों दायत्व को निभाएंगे उसके बाद ही हम सफल होंगे। सभी कार्यकर्ता तय समय के अनुसार वीएल औ से मिलकर वोटर लिस्ट में पूरी तत्परता दिखाएंगे। कार्यक्रम में दीपक तिवारी सुमित मिश्रा दक्ष मिश्रा भोले मिश्रा हरिओम विष्णुकांत राघव दीक्षित प्रभात तिवारी विजय शुक्ला देबू शर्मा हर्षित राठौर कौशलेंद्र कुशवाहा अखंड प्रताप राजवीर सिंह गंधर्व सिंह वंश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या में जन्मे श्री राम एवं लक्ष्मण चारों तरफ खुशहाली

**नगर वासी उत्सव मनाने लगे, सोहर के साथ जय श्री राम के गुज**

**सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए**

अमन लेखनी समाचार



विंध्याचल। श्री विंध्य प्राचीन रामलीला समिति के तत्वावधान में स्व. रविंद्र नाटक की रामलीला मंचन के दूसरे दिन लीला मंचन देखने दर्शकों का हुजूम उमड़ा। विंध्य क्षेत्र के मोतीझील मार्ग स्थित भंडारा स्थल परिसर में भव्य रामलीला सात बजे समिति के अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा भगवान विष्णु जी की पूजन किया गया। रामलीला मंचन में श्री राम जन्मोत्सव का मंचन किया गया एवं यज्ञ पूजन भगवान श्री राम एवं छोटे भाई लक्ष्मण आश्रम में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने का प्रसंग का मंचन किया गया। श्री विंध्य प्राचीन रविंद्र नाटक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में राजा दशरथ व कौशल्या द्वारा भगवान शिव शंकर जी का पूजन अर्चन करती हैं। श्रृंगी ऋषि के आश्रम में पहुंच कर यज्ञ करते हैं, यज्ञ संपन्न होने के बाद अग्निदेव ने प्रसाद के रूप में खीर देते हुए कहा कि इसको तीनों रानियां सेवन कर लें। गुरु विश्वामित्र ने उन्हें वरदान दिया कि पुत्र की प्राप्ति होगी। राजा दशरथ की तीनों रानियों ने चार सुंदर पुत्रों को जन्म दिया। प्रभु श्री राम, लक्ष्मण भरत एवं शत्रुघ्न का जन्म होता है। अयोध्यावासी खुशी के मारे नाचने व गाने लगे। राम और लक्ष्मण के नौ वर्ष के हो जाने पर गुरु विश्वामित्र ताड़का के आतंक से रक्षा कराने के लिए अपने आश्रम में श्री राम व लक्ष्मण को ले जाते हैं। उनको शिक्षा दीक्षा ग्रहण करते हैं। वहां आश्रम के आस पास राक्षसों द्वारा यज्ञ को भंग किया जाता है गुरु विश्वामित्र द्वारा शिक्षा दीक्षा ग्रहण कराते हैं। यहीं से लीला समाप्त होती है। रामलीला प्रांगण में जय श्री राम का जय घोष गुंजते रहे। रामलीला के मंचन में मुख्य रूप से भूमिका में छोटा राम की भूमिका में उत्सव पांडेय, छोटा लक्ष्मण की भूमिका में आयुष्मान उपाध्याय, भगवान विष्णु की भूमिका में उत्सव पांडेय, गुरु वशिष्ठ की भूमिका में आदर्श उपाध्याय, गुरु विश्वामित्र की भूमिका में अमन गोस्वामी, राजा दशरथ की भूमिका में प्रशान्त द्विवेदी, कौशल्या देवी की भूमिका में अर्चना, कैकेई की भूमिका में पारुल जी, सुमित्रा की भूमिका में बाबी ने भूमिका निभाई। रामलीला मंचन में सहनिर्देशक प्रशान्त द्विवेदी ने बताया कि जो मनुष्य मन, कर्म और वचन से आध्यात्मिक ज्ञान को धारण करते हुए सिद्धि स्थिति को प्राप्त होता है, उसके द्वारा कराया गया यज्ञ फलदायी होता है। कहा कि जो पुत्र माता-पिता की इच्छा पूर्ण करता है उसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष ये चार पुरुषार्थ अनायास ही प्राप्त हो जाते हैं। चरित्र और कारनामों से देश और धर्म की रक्षा होती है वही पुत्र अपने कुल की सात पीढ़ियों को तार देता है। कहा कि श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ने पुत्र होने की मयार्दा का पालन करते हुए सभी को सुखी कर दिया। व्यास की भूमिका में गोपीनाथ मिश्रा रहे। संचालन आदर्श उपाध्याय ने किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी, मंत्री इंद्र प्रसाद मिश्र, सह निर्देशक प्रशांत द्विवेदी, संरक्षक प्रकाश चन्द्र पांडेय, उपाध्यक्ष रामेश्वर त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष विक्रम मिश्रा निशु व रवि प्रकाश मिश्रा, सह मंत्री कमल मिश्रा, निरीक्षण लव दूबे, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार तथा समिति के प्रमुख रूप से देवी दीक्षित, शिखर गिरी, मनोज शर्मा, मुकेश मिश्रा, गिरजेश द्विवेदी, त्रिलोकी उपाध्याय अमन सिंह पटेल, दिनेश सोनी सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में जवान तैनात रहे।

## अधेड़ का सर काट कर उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। मौरॉवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक सप्ताह से लापता 55 वर्षीय अधेड़ का सर कटा शव मिला शव मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की तो घटना स्थल से लगभग 50 मीटर दूर कटा सर पुलिस ने बरामद किया शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल भेज दिया मृतक के परिजनो ने युवक की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी थाना मौरॉवा क्षेत्र के अमिलिहा खेड़ा निवासी राम विलास 55 वर्ष पुत्र भगवानदीन बीती 25 अक्तूबर को अचानक लापता हो गया था परिजनो ने उसकी खोजबीन शुरू की तो पता न चलने पर थाने में सूचना दी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल कर ही रही थी की बृहस्पतिवार देर शाम आशा की बगिया में अधेड़ का सर कटा ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी पुरवा व थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की तो घटना स्थल से लगभग 50 मीटर की दूरी पर युवक का कटा सर बरामद हुआ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया युवक की मौत से परिजनो में चीख पुकार मच गई थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही हत्यारे गिरफ्तार किए जायेगे।

## आश्वासन के बाद किसानों ने किया अनशन समाप्त

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव



गरौठा, झाँसी। सिमरधा कृषि विद्युत फीडर को 10 घंटे से बढ़ाकर 20 घंटे चलाए जाने की मांग को लेकर 27 अक्टूबर से सेनानी समाधि स्थल सिमरधा में अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन के सातवे दिन धरना स्थल पर किसानों के पास पहुंचे अधिशासी अभियंता सुभाष चंद्रा, विद्युत उपखंड अधिकारी गुरसराए ललितेश यादव, नायब तहसीलदार गरौठा मानवेंद्र सिंह के आश्वासन पर किसानों ने अनशन समाप्त कर दिया। अभियंता सुभाष चंद्रा ने किसानों को आश्वस्त करते हुए बताया कि रोस्टर के अनुसार कृषि फीडर को पूरे 10 घंटे सप्लाई दी जाएगी यदि किसी रुकावट के कारण शटडाउन के समय को पुनः सप्लाई के समय में जोड़कर 10 घंटे पूरे किए जायेंगे। किसानों की 20 घंटे की मांग को पत्राचार के माध्यम से लखनऊ उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा इस समस्या को जल्द निपटाने की कोशिश की जायेगी। किसानों ने आश्वस्त होकर अनशन समाप्ति की घोषणा कर दी। विभागीय अधिकारियों ने किसानों के इस निर्णय पर खुशी जाहिर की एवं किसानों द्वारा अमर उजाला पत्रकार बालादीन राठौर, कल्लू वर्मा, मानवेंद्र यादव, हेमंत यादव, सोम मिश्रा, प्रियवर्धन चौबे, निर्दोष राजपूत, हजरत खान आदि पत्रकार परिवार का आभार व्यक्त किया जिन्होंने किसानों की समस्या को लेखनी के माध्यम से शासन से लेकर प्रशासन तक पहुंचाया। इस मौके पर श्रीप्रकाश मिश्रा, जगदीश सहाय तिवारी, सुरेश तिवारी, झुंडनलाल वर्मा, हाजी सुबराती खान, निर्भय राजपूत, बालस्वरूप सोनी, द्रगचंद्र तिवारी, शंकर भाई, किशोरी भाई आदि किसान धरना स्थल पर उपस्थित रहे।

## गाजीपुर जिले के जिपं अध्यक्ष ने 51 टीबी मरीजों को गोद लिया

**मरीजों को वितरित की पोषण पोटली, टीबी मुक्त भारत अभियान में जुटा विभाग**

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले में टीबी के मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। साल 2025 तक टीबी मुक्त भारत का सपना प्रधानमंत्री के द्वारा देखा गया है और इसे पूरा करने के लिए विभाग के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त पोषण पोटली देकर उन्हें सेहतमंद करने की भारत सरकार की योजना है। गुरुवार को जिला अस्पताल स्थित क्षय रोग विभाग में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने गोद लिए गए 51 टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की, जो प्रत्येक माह इन मरीजों को इनके ठीक होने तक दिया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने बताया कि उनके द्वारा पूर्वमे भी टीवी मरीजों को गोद लिया गया था जो आज अच्छी तरह से ठीक हो गये है

**रात में नहरे पर रहता है प्रशासन का पहरा किसानों से हो रहा विवाद**

## राजगढ़ नहर में आ रहा पानी लेकिन राजगढ़ के किसान पानी बिना बेहाल

अमन लेखनी समाचार



राजगढ़/मीरजापुर। राजगढ़ क्षेत्र में धनरौल बांध से 1 नवंबर को नहरे में पानी छोड़ा गया और पानी आने से जगह-जगह कैनाल माइनरों पर पुलिस प्रशासन का पहरा और सिंचाई विभाग ठेकेदार बैठकर खुद निगरानी कर रहा है। जिससे रजवाहा से निकली नहरो में पानी न जाने से किसान परेशान हो रहे हैं और अपनी फसल को किस बचाने के लिए पानी खरीद कर सिंचाई करने को मजबूर हैं यह प्रशासन और सिंचाई विभाग का दोहा रह गया किसने की फैसले खराब कर रहा है पानी के लिए किस दिन भर नहरे पर बैठकर टट्टी लगाए बैठे हैं की इधर का फाटक कब खुलेगा और खेतों में पानी जाएगा आज रात की करीब 10:00 बजे के आसपास सैकड़ो की संख्या में किसान सेमरा रजवाहा पर इकट्ठा हुए और जैसे ही नहर खोलना चाहा मौके पर नहर विभाग के ठेकेदार अधिकारी पहुंच गए। किसान सुभाष सिंह, मेवा सिंह, जगदीश सिंह, निरंजन सिंह, संतोष सिंह, रविंद्र सिंह, शेखर सिंह, बलवंत सिंह, पप्पू सिंह, कृष्ण कुमार ने कहा कि पानी न होने से फसलों के खेतों में दरार पड़ गई है। अगर सिंचाई नहीं हुआ तो धन आधे से ज्यादा खराब हो जाएंगे और खाने के लाले पड़ जाएंगे पशुओं को चेहरे की व्यवस्था कहां से होगी यह भी एक चिंता का विषय बना हुआ है। काफी बहस होने लगी तो कुछ लोगों ने डायल 112 को बुला लिया। लेकिन नहर नहीं खुल पाई और किस वहां से मायूस लौट गए। वहां पर पूछने पर सिंचाई विभाग के ठेकेदार ने बताया कि मड़िहान और पटेहरा को पानी पहुंचाना है और वही पानी भेजा जा रहा है। अधिकारियों के निर्देश पर यह सब किया जा रहा है। लेकिन राजगढ़ के किसानों ने कहा कि राजगढ़ को पानी कब मिलेगा इस पर उन्होंने चुप्पी साध ली। इससे पहले भी राजगढ़ किसानों को पानी नहीं मिला पानी खरीद कर खेतों को सिंचाई करने को मजबूर हैं नालियों को व्यापारियों और मकान मालिक घर बनाकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुरैनिया में नाली को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है खेतों में पानी नहीं जा रहा है। यह बहुत बड़ी विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। लेकिन अभी तक घर बनाए हुए लोग नाली साफ नहीं कर रहे हैं और यहां के किस रविंद्र सिंह अनिल कुमार सुनील कुमार संजय ने बताया कि 1 किलोमीटर के आसपास नाली को क्षतिग्रस्त होने से खेतों में सिंचाई बाधित है। और फसलों की लागत दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। दूसरों से पानी खरीद कर सिंचाई करने को विवश है। जिससे अन्य पैदा किया जा सके और पशुओं को चारा खाने की व्यवस्था किया जा सके। लेकिन हाय दुगनी किसानों को बढ़ाने के बजाय घटती ही जा रही है। जहां किसानों की लागत बढ़ रही है। वहां पर प्रशासन और अधिकारियों की वजह से खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस संबंध में जब सिंचाई विभाग के एक्सीयन वैभव सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि 2 दिन के अंदर पटेहरा में पानी पहुंच जाएगा। उसके बाद तीसरे दिन राजगढ़ क्षेत्र में भी नहर खोल दिया जाएगा। जिससे किसानों की सुख रही फसल को संजीवनी मिल जाएगी।

## वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अति आवश्यक: सीओ



**छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। कसवा गरौठा के अखंडानंद जनता इंटर कॉलेज में यातायात सड़क जागरूकता माह के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा अरुण कुमार चौरसिया व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनय दिवाकर द्वारा विद्यालय के छात्र/छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने और ड्राइविंग लाइसेंस होने के बाद ही आप लोग वाहन चलाये। उन्होंने कहा की यदि आप दोपहिया वाहन से थोड़े दूर भी जा रहे है तो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। सडक पर चलते समय यातायात के नियमों का पालन करें खुद भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। कोतवाली प्रभारी ने छात्र/छात्राओं से तीव्र गति में वाहन न चलाने की हिदायत दी। इस मौके पर कोतवाली पुलिस टीम के अलावा समस्त विद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या विद्यालय के छात्र /छात्राएं मौजूद रहे।

## अलग-अलग स्थानों में अज्ञात चोरों ने की वारदात

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर ठठराही में चोरों ने हजारों की संपत्ति पार कर दी अज्ञात चोरों ने बीती रात प्राथमिक विद्यालय हजरत पुर ठठराही में कुंडी तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दियो जब वही विद्यालय के समय से प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे तो देखे सारा सामान अव्यवस्थित है और ताला टूटा देखा जहा चोर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक कक्ष एवम रसोई का ताला तोड़कर के बैटरा, कुकर, सिलेंडर सहित हजारों का माल पार कर दिया ` जिस पर प्रधानाध्यापक ने इसकी सूचना पुलिस को दी वही दूसरी तरफ पावर हाउस के अंदर तथा पास के तीन घरों में ताला तोड़कर चोरी का घटना का प्रयास किया गया इन दोनो मामलो में पुलिस जांच पड़ताल में लगी हुई है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



आप यह तो जानते हैं कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छा और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। लेकिन क्या आपको यह पता है कि डेली रूटीन डाइट में क्या, कब और कितनी मात्रा में खाना चाहिए? अच्छी हेल्थ के लिए इस बारे में भी पता होना चाहिए।

# क्या आप जानते हैं खान-पान का सही तरीका

सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

हममें से कुछ लोगों की यह शिकायत होती है कि चाहे कितना अच्छा या पौष्टिक खा लें, उन्हें कुछ लगता ही नहीं। दरअसल, उनकी सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि किस समय क्या खाना चाहिए? उन्हें इस बारे में पता ही नहीं होता। हेल्थ एक्सपर्ट्स कहते हैं कि कुछ भी खाया-पीया शरीर में लगे, इसके लिए यह जरूरी होता है कि आप सही समय पर सही चीज खाएं। इसके अलावा इसमें खान-पान का तौर-तरीका भी मायने रखता है।

## दिन की शुरुआत

दिन की शुरुआत के लिए ब्रेकफास्ट सबसे महत्वपूर्ण मील होता है। रात के भोजन के लंबे समय बाद हम नाश्ता लेते हैं। इसलिए इसे सोकर जागने के बाद 2 से 3 घंटे के भीतर जरूर कर लें। सोकर जागने के 5 या 6 घंटे बाद किया नाश्ता फायदेमंद नहीं होता है। दूसरी बात नाश्ता पौष्टिकता और विटामिंस से भरपूर होना चाहिए। नाश्ते में दलिया, फल, दूध, फ्रूट जूस या इडली सांभर खा सकते हैं। नाश्ते के प्रति लापरवाही, शरीर के लिए सबसे अधिक नुकसानदेह हो सकती है। एक बात और ध्यान रखें कि नाश्ता हैवी होना चाहिए, लेकिन गरिष्ठ नहीं। नाश्ते में दलिया या स्प्राउट्स लेना सबसे आइडियल माना जाता है। अगर आप एक्सरसाइज या रनिंग के लिए सुबह जल्दी उठते हैं तो योगा या एक्सरसाइज करने के बाद कुछ ना कुछ जरूर खाएं। सुबह नाश्ते में लो फैट स्नैक्स, केला या सेब जैसे फ्रूट्स ले सकते हैं।



## मील्स के बीच गैप ना करें

दो मील्स के बीच में तीन घंटे से ज्यादा अंतराल नहीं करना चाहिए। तीन घंटे से ज्यादा देर खाली पेट रहने से एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है। अगर खाने के बीच में ज्यादा गैप रखा जाता है तो ज्यादा भूख लगने के कारण अगले मील में ज्यादा खाने की आशंका होती है। इसलिए तीन घंटे के अंतराल पर कुछ ना कुछ हल्का-फुल्का खाते रहना चाहिए।

## शाम को लें लाइट स्नैक्स

जब लंच और शाम की चाय में 4 घंटे से ज्यादा का अंतराल हो तो लाइट स्नैक्स ले सकते हैं। लेकिन शाम के समय ज्यादा कार्बोहाइड्रेट्स वाला स्नैक्स लेने की बजाय भुने चने या हल्के स्नैक्स लेने चाहिए।

## सही समय पर करें डिनर

चूंकि शाम के समय ज्यादा भूख लगती है, इसलिए बेहतर है रात का खाना सही समय पर और जल्द खा लें। ऐसा करने से भोजन आसानी से पच जाता है और एसिडिटी की समस्या भी नहीं होती है। रात का खाना हमेशा सोने से दो-तीन घंटे पहले खा लेना चाहिए।

## सोने से पहले

कुछ लोग सोने से पहले स्वीट डिश खाते हैं। लेकिन सोने से पहले अच्छी नींद के लिए एक गिलास गर्म दूध पीना फायदेमंद होता है। गर्म दूध अच्छी नींद लाने में सहायक साबित होता है। *

अवेयरनेस

शिखर चंद जैन

कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जब गलत दवा लेने से पेशेंट को साइड इफेक्ट्स हो जाते हैं, कोई अन्य शारीरिक समस्या हो जाती है और कई बार तो उसके जीवन पर भी संकट आ जाता है। इसमें डॉक्टरों की जिम्मेदारी तो महत्वपूर्ण है ही कि वे पेशेंट की कंडीशन को देखते हुए सही दवा प्रिस्क्राइब करें। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कोलकाता ब्रांच के सचिव **डॉ. अमित अग्रवाल** का मानना है कि चिकित्सकों को सही ढंग से रोग का विश्लेषण करके, बेहद जरूरी टेस्टों की रिपोर्ट करवाने के बाद ही दवाओं का और स्पेशली एंटीबायोटिक प्रिस्क्राइब करनी चाहिए। दर्द निवारक दवाओं का भी सीमित और बेहद जरूरी होने पर ही प्रयोग करना चाहिए। वे पेशेंट्स को भी सलाह देते हैं कि डॉक्टर जो जांच करवाने को कहें, उन्हें जरूर करवा लें। लेकिन अगर आपको लगे कि दवाओं की संख्या ज्यादा है या कॉम्बिनेशन दवाएं लिखी गई हैं तो सेकेंड ओपिनियन लेने में ना हिचकें। आपको अपनी हेल्थ के लिए खुद भी जागरूक होना होगा।

## दवा लेने के सुरक्षित तरीके

दवा लेने के कुछ नियम होते हैं, उनका ध्यान रखा जाए, तो कई प्रकार की संभावित जटिलताओं से बचा जा सकता है।

- आपका फैमिली डॉक्टर आपकी हिस्ट्री और मेडिकल कंडीशन से काफी हद तक वाकिफ होता है, लेकिन अगर किसी नए डॉक्टर के पास जा रहे हैं तो उन्हें अपनी मेडिकल हिस्ट्री और दवाओं की जानकारी अवश्य दें। बेहतर होगा पिछले प्रिस्क्रिप्शन उन्हें दिखा दें।
- अपने मन से पुराने प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर दवाएं कभी ना लें। कई दवाएं लक्षणों और तात्कालिक इलाज के हिसाब से दी जाती हैं।
- किसी दवा को लेने पर पेट खराब हो जाए, स्किन पर रैशेज या सूजन आ जाए, तो दवा तुरंत बंद करके चिकित्सक से मिलें।
- दवा खाली पेट लेनी है या खाना खाकर, इस बात की जानकारी जरूर लें। ऐसा ना करने पर साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं।
- दवा खरीदते समय उसकी एक्सपायरी डेट जरूर देख लें। अगर दवाई पिघली हुई, बदशक्ल, भुरभुरी या बदरंग लग रही है, तो उस दवा को ना लें और मेडिकल स्टोर वाले को दिखाकर नई दवा लें।

## गलत तरीके से दवा ना लें



- कुछ मरीज, विशेष रूप से बच्चे या बुजुर्ग जब टैबलेट या कैपसूल लेने में दिक्कत महसूस करते हैं, तो वे खुद या उनके परिजन टैबलेट को चूर कर देते हैं या कैपसूल खोलकर उसके दाने या पावडर निकालकर किसी तरल में मिलाकर ले लेते हैं। कुछ लोग टैबलेट को चूसने या चबाने लगते हैं और उसके टुकड़े कर निगलते हैं। ऐसा करना कई मामलों में सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।
- कई पिल्स धीरे-धीरे घुलकर एक खास समय पर, खास स्पीड से, विशेष लोकेशन पर अपना असर छोड़ती हैं, जहां उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। जो दवाएं तुरंत असर के लिए होती हैं, वे पेट में जाकर हाथों-हाथ घुल जाती हैं और रक्त में मिलकर काम शुरू कर देती हैं। जबकि एस्प्रिन और ओमेप्राजोल (हार्ट बर्न, गैस की दवा) जैसी दवाओं में विशेष एसिड रेजिस्टेंस कोटिंग होती है, ये पेट से होकर गुजरती जरूर हैं, लेकिन घुलती छोटी आंत में जाकर हैं और वहीं इनका विशेष काम होता है। इन दवाओं को तोड़ने पर इनकी कोटिंग नष्ट हो जाती है और ये बेअसर हो जाती हैं।
- कुछ दवाएं जैसे, एलेनड्रोनेट, राइजड्रोनेट, इबानड्रोनिक एसिड आदि जो रजोनिवृत्त महिलाओं में ओस्टियोपोरोसिस के इलाज के लिए दी जाती हैं, उन्हें अगर चबाया या चूसा जाए, तो ये भोजन नली को भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। इन्हें साबुत ही पर्याप्त पानी के साथ निगलना चाहिए।
- आपने देखा होगा कि कुछ टेबलेट्स पर ससटेंडेड रिलीज, कंट्रोल्ड रिलीज या एक्सटेंडेड रिलीज लिखा होता है। ये दवाएं धीरे-धीरे 12 से 24 घंटे तक रिलीज होकर असर छोड़ती रहती हैं। ऐसी टैबलेट्स को तोड़ना, चबाना या चूसना पेट, आंत या मुंह को नुकसान पहुंचा सकता है। हार्ट की दवा डाइगोक्सिन, एंटी कोएगुलेंट दवा डेबीगेट्रान और एंटी हाइपरटेंसिव टैबलेट इस श्रेणी में आती हैं। डाइगोक्सीन को क्रश करके लेना घातक हो सकता है। इसी प्रकार एंटी हाइपरटेंसिन दवा को चूसना तेजी से ब्लड प्रेशर में गिरावट का कारण बन सकता है। इसलिए दवा को सही तरीके से ही लें।

किसी रोग को ठीक करने के लिए दवा लेना तो जरूरी है। लेकिन दवा आपके रोग, लक्षणों के अनुसार परफेक्ट होनी चाहिए और इसे सही तरीके से लेना भी बहुत जरूरी है। ऐसा ना करने पर आपका रोग ठीक होने के बजाय, तबियत और बिगड़ सकती है। हम यहां आपको बता रहे हैं, दवा लेने में की जाने वाली कॉमन मिस्टेक्स और इसे लेने के सही तरीके के बारे में।

# गलत तरीके से दवा लेना हेल्थ के लिए है हार्मफुल





## सोच-समझकर लें नींद की दवा

स्ट्रेस और असंतुलित जीवनशैली के कारण नींद ना आने की समस्या का सामना अकसर लोगों को करना पड़ता है। कई लोग अच्छी नींद के लिए एलप्राजोलाम, नाइट्राजिपाम या लोराजिपाम जैसी दवाएं लेने लगते हैं। चिकित्सकीय जरूरत के कारण एक सीमित अवधि तक तो इनका इस्तेमाल ठीक है, लेकिन इनकी आदत बनाना काफी नुकसानदायक हो सकता है। नेशनल मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजिस्ट डॉ. स्वपन जाना के मुताबिक, 'नींद की दवा के दुष्प्रभाव से मस्तिष्क की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। ये कई बार मस्तिष्क को शांत करने की बजाय उत्तेजित कर देती हैं। मरीज को मिरगी जैसा दौरा भी पड़ सकता है। विवेकशीलता घटना, बात करने की क्षमता प्रभावित होना, भूख बढ़ना, वजन बढ़ना आदि समस्याएं भी हो सकती हैं।' *

## इनके साथ ना लें दवा



**कुछ लोग** दवा को सादे पानी से ना लेकर जूस, चाय, कॉफी, दूध आदि पेय पदार्थों के साथ लेते हैं। लेकिन इनके क्या नुकसान हो सकते हैं, इस बारे में जानना जरूरी है।

**अंगूर का रस :** यह कुछ दवाओं को मेटाबोलाइज करने वाले एंजाइम्स को निष्प्रभावी कर देता है, जैसे हार्ट की दवाएं, एंटीडिप्रेसेंट और एंटीफंगल। इससे ना सिर्फ दवाओं का असर कम हो जाता है, बल्कि साइड इफेक्ट्स का खतरा भी बढ़ सकता है।

**दूध :** दूध में मौजूद कैल्शियम कुछ एंटीबायोटिक्स को एब्जॉर्ब होने में दिक्कत कर सकता है।

**फाइबर ड्रिंक :** फलों या सब्जियों के रस में मौजूद रेशे कई दवाओं के प्रभाव को कम या निष्क्रिय कर सकते हैं।

**कॉफी-चाय :** अस्थमा की दवाएं आप कॉफी या चाय के साथ लेते हैं तो पेट की गड़बड़ी हो सकती है। ऐसे लोगों को एस्प्रीन या इबूप्रोफेन सरीखी नॉनस्टेरॉयडल एंटीइंफ्लेमेटरी ड्रग्स चाय-कॉफी के साथ लेने से बचना चाहिए। *

वैद्य की सलाह

# ऐसे कंट्रोल करें हाई बीपी

उच्च रक्तचाप या हाई बीपी का संबंध वंशानुगत प्रवृति से होता है, यानी आपके परिवार में किसी को यह समस्या रह चुकी है, तो आपको भी इसके होने की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा शरीर के वजन में बढ़ोत्तरी, निष्क्रिय जीवनशैली, चिंता, तनाव, धूम्रपान करना, शराब का सेवन, तला-भुना, चटपटा, तेज मसाले वाला भोजन करना, अधिक गरिष्ठ भोजन करना, नींद की कमी, नमक की मात्रा अधिक लेना भी उच्च रक्तचाप का कारण बनते हैं। कई लोगों में तो उच्च रक्तचाप की समस्या होते हुए भी इसके लक्षण नहीं दिखते हैं।

**हाई बीपी की वजह :** अधिक सोच-विचार करने वाले, हमेशा तनाव और गुस्से में रहने वालों की धमनियों में रक्त का प्रवाह नियमित करने के लिए हृदय को सामान्य से अधिक काम करना पड़ता है। इसलिए धमनियों पर रक्त का दबाव बढ़ने लगता है। इससे बीपी हाई हो जाता है।

**इन उपायों पर करें अमल :** हाई बीपी की समस्या होने पर कुछ घरेलू उपचार आजमा सकते हैं। मेथी दाने का चूर्ण



बनाकर सबेरे-शाम पानी के साथ सेवन करें। सुबह खाली पेट लहसुन की दो कलियां कुचल कर पानी से लेना भी फायदेमंद है। अनार और टमाटर का जूस और चुकंदर-मूली का जूस भी हाई बीपी को कम करने में मददगार है। हाई बीपी पेशेंट को कुछ अंतराल पर पानी पीते रहना चाहिए। धीरे-धीरे चलें। स्नान करना भी लाभकारी होता है। इसके अलावा सर्पगंधा मिश्रण, सर्पगंधा घनवटी, ब्राह्मी वटी, सारस्वतारिष्ट का सेवन लाभकारी है। लेकिन इनका सेवन अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ की निगरानी में ही करें। इसके अलावा कुछ छोटे-छोटे उपायों से भी हाई बीपी को कंट्रोल में किया जा सकता है, जैसे-

- भोजन में नमक की मात्रा को नियंत्रित करें।
- सोने और जगने का समय नियमित करें।
- शरीर का वजन अधिक यानी ओवर वेट है, तो वजन कम करने का प्रयास करें।
- शराब और धूम्रपान के सेवन से दूर रहें।
- बाजारू चटपटा और मसालेदार भोजन करना बंद कर दें।
- शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं। नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम का अभ्यास करें।
- मौसमी सब्जियों और फलों का सेवन करें।

**जब हो लो ब्लड प्रेशर:** ब्लड प्रेशर लो हो तो गर्मागर्म कॉफी पीना राहत देता है। नमक और चीनी की शिकंजी पीना लाभकारी है। इसमें नमक ज्यादा लेना हितकर है। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'**

औषधीय पौधा

रेखा देशराज

# अनगिनत लाभों वाला मरुआ



मरुआ, पुदीने की प्रजाति का एक खुशबूदार पौधा है। वानस्पतिक वर्गीकरण में यह वन तुलसी प्रजाति में रखा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम ओरिगेनम माइजोराना है। मरुआ को अलग-अलग जगहों पर मरुवक, मरुत्तक, गंधपत्र, खटपत्र जैसे नामों से पुकारा जाता है। मरुआ के फूल से लेकर पत्तियों तक का आयुर्वेद में औषधि के रूप में इस्तेमाल होता है। यह पौधा बागों में उगाया जाता है। कहीं-कहीं अपने आप भी उग आता है। पंसारी की दुकान में भी यह बूटी के रूप में आसानी से मिल जाता है।

**पौष्टिक होती हैं इसकी पत्तियां :** मरुआ की पत्तियां कुछ बड़ी, नुकीली, मोटी नरम और चिकनी होती हैं, इनमें से तीव्र गंध आती है। इसकी पत्तियां भी खाई जाती हैं। पत्तियां खाने से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इसकी पत्तियों में पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन बी6, आयरन और मैग्नीशियम आदि पोषक तत्वों का भंडार पाया जाता है।

**कई तरह से फायदेमंद :** बच्चों के पेट में कीड़े हों, वे बार-बार पेट दर्द की शिकायत करते हों, तो मरुआ के पत्तों के अर्क का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। मरुआ के पत्तियों का अर्क छोटे बच्चों में पेट के कीड़ों की घरेलू दवा है। छोटे बच्चों को मरुआ की पत्तियों को पीसकर निकाले गए रस की 4 से 6 बूंद पिलाने पर 3 से 7 दिनों के भीतर पेट के अंदर के कीड़े निकल जाते हैं। मरुआ के पत्तियों से बनी चटनी खाने से भी पेट के अंदर के कीड़े निकल जाते हैं। मरुआ के पत्तों की चटनी खाने से पेट का इंफेक्शन भी सही हो जाता है। किसी को अपच की समस्या हो, तो मरुआ की पत्तियों का सेवन यह समस्या आसानी से दूर कर सकता है। इसके लिए मरुआ की पत्तियों और अदरक की चटनी बनाकर सेवन करें। इससे अपच की समस्या खत्म होगी और भूख भी बढ़ेगी।

मरुआ की पत्तियों का काढ़ा भी कई तरह से फायदेमंद हैं। अगर आप बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम की चपेट में आ जाते हैं, तो मरुआ की पत्तियों का काढ़ा बनाकर पीजिए। आपका सर्दी-जुकाम छूमंतर हो जाएगा। आप मरुआ की पत्तियों के साथ चाय में थोड़ी-सी मुलेठी भी मिला दें, तो बैठा गला खुलता है और गले की आवाज भी बेहतर होती है। कई लोगों को बदलते मौसम में सिरदर्द बहुत होता है, कईयों में पहले से ही मौजूद सिरदर्द बढ़ जाता है, उनके लिए मरुआ, सिरदर्द को भगाने का रामबाण उपाय है। अगर माइग्रेन की समस्या हो तो वह भी इसके नियमित रूप से इस्तेमाल के चलते कुछ ही समय में दूर हो जाती है। इसके लिए मरुआ की 8 से 10 पत्तियां लें और अपनी दोनों नासिकाओं में इन पत्तियों के रस को बारी-बारी से डाल लें। ना सिर्फ तत्काल बेचैनी से राहत मिलेगी, बल्कि इसके पत्तियों का बनाया गया लेप सिरदर्द, माइग्रेन दूर करेगा। यह चेहरे के दाग-धब्बे भी दूर करता है और त्वचा को क्लीन-स्मूथ बनाता है। जिन लोगों के मुंह से बदबू आती है, उन्हें हर सुबह मरुआ की 4 से 5 पत्तियां चबानी चाहिए। इन पत्तियों को बाहर थूके नहीं, बल्कि निगल जाएं।

**सेवन से पहले रखें ध्यान :** मरुआ को दुनिया के सबसे मशहूर जड़ी-बूटियों में शामिल किया गया है। इसके सेवन से बहुत तरह के फायदे होते हैं। लेकिन ज्यादा फायदे तभी मिलते हैं, जब इसके सेवन का सही तरीका पता हो। मरुआ के सेवन का सही तरीका है कि इसे पुदीने की तरह अलग-अलग तरह से इस्तेमाल किया जाए। पुदीने की तरह इसकी चटनी बनाई जाए और पुदीने की ही तरह इसे चाय में इस्तेमाल किया जाए। मरुआ की पत्तियों का रस और इसका काढ़ा बनाकर पीना भी फायदेमंद है। लेकिन किसी भी रोग में या किसी भी प्रकार से इसका सेवन करने से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह जरूर कर लें। *

# अमेरिकी एयर फोर्स को मिली पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी, नासा कर रहा है टेस्टिंग

यह एक जबरदस्त खबर है और जैसे जैसे टेक्नोलॉजी आगे बढ़ रही है हवा में आसानी से उड़ने की कल्पना साकार होती जा रही है। आपको बता दें कि कैलिफोर्निया द्वारा अमेरिकी वायु सेवा को पहली इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी दी गई है और यह इलेक्ट्रिक टेकऑफ और लैंडिंग एयरक्राफ्ट अर्थात िशळड नाम से बताया गया है। वास्तव में यह एक उड़ने वाली कार आप कह सकते हैं, जिसकी 2 साल से टेस्टिंग हो रही थी। अब यह अमेरिका एयर फोर्स के पास मौजूद है। शुरूआत में इसे शहरी और हवाई यातायात को मैनेज करने के लिए उसे बेटर बनाने के लिए टेस्टिंग की जा रही है, और इसमें नासा द्वारा मदद भी दी जा रही है। नासा की एडवांस्ड एयर मोबिलिटी मिशन के अनुसार यह आने वाले भविष्य की एक तस्वीर है। हालांकि अभी इसे मैंस लेवल पर डेवलप होने में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर पायलट और एडवांस हार्डवेयर कई सारी चीज लानी होगी। ताकि इसे बड़े लेवल पर लॉन्च किया जा सके और इसी के लिए टेस्टिंग की जा रही है, लेकिन जाहिर तौर पर यह एक क्रांतिकारी कदम है। अगर बात करें आसानी से हवा में उड़ने की तो यह किस प्रकार से मैनेज होगा यह देखने वाली बात होगी। सबसे खास बात यह है कि इसे कहां-कहां यूज किया जा सकता है। इसकी उस एबिलिटी पर भी टेस्टिंग हो रही है जैसे जंगल में आग बुझाने में या फिर किसी इमरजेंसी सर्विस में, जाहिर तौर पर यह एक क्रांतिकारी कदम होगा और जब बात नासा की आती है तो उसकी क्रेडिबिलिटी इसकी कमियों को बेहतरीन ढंग से पहचान कर सुधारने में काफी मदद कर सकती हैं। अर्थात नासा की फ्लाइट टेस्ट में िशळड एयरक्राफ्ट के सफल होने पर आने वाले एक-दो सालों में देश में आम इंसान भी इसका उपयोग संभवतः कर सकें। यह एक नई तरह की एविएशन इंडस्ट्री होगी और इसके लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावनाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि एयरक्राफ्ट की टेक्नोलॉजी इसके उड़ाने के तरीके और बहुत सारी चीजों से यह गुजरेगा। आपको बता दें कि इस एयरक्राफ्ट के फ्लाई टेस्टिंग के दौरान 50 से ज्यादा माइक्रोफोन का उपयोग नासा द्वारा किया जा रहा है ताकि इसके फायदे नुकसान पर बहुत बारीक नजर रखी जा सके। इसमें साउंड पॉल्यूशन से लेकर दूसरी अन्य चीज शामिल हैं।

# इंस्टाग्राम के थ्रेड्स पर पोस्ट एडिट करने के साथ मिलेगी कई सुविधा, शानदार फीचर्स मिलेंगे

मेटा के टेक्सट-आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, थ्रेड्स पर एक साथ कई सारे फीचर्स आने वाले हैं। इन्हीं फीचर्स में से एक हैं पोस्ट एडिट करने की सुविधा, जिसे हम वॉयस नोट्स की सुविधा में शामिल कर सकते हैं। प्लेटफॉर्म ट्रेंडिंग टॉपिक्स जैसे फीचर पर भी काम कर रहा है। बता दें कि थ्रेड्स को इसी साल जुलाई में पेश किया गया है और इसे एक्स की टक्कर में लाया गया है। द वर्ज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने हाल ही में घोषणा है कि थ्रेड्स को जल्द ही बेहद जरूरी एडिट बटन मिलेगा। इसका मतलब है कि यूजर्स पोस्ट होने के बाद अपनी पोस्ट को बदल सकेंगे। अब तक, थ्रेड्स पर कोई एडिट विकल्प नहीं था। ट्विटर पर भी एडिट बटन पिछले साल अक्टूबर में एलन मस्क द्वारा कंपनी का अधिग्रहण करने के बाद ही आया था। हालांकि, ये फीचर ब्लू सब्सक्राइबर्स को ही मिलता है। एलन मस्क के एक्स की तरह ही थ्रेड्स पर भी एडिट ऑप्शन की एख समय सीमा होगी। यूजर्स थ्रेड्स पोस्ट के 5 मिनट के भीतर ही उसे एडिट कर सकेंगे। इसके बाद वे पोस्ट में कोई बदलाव नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा थ्रेड्स यूजर्स को प्लेटफॉर्म पर वॉयल नोट्स शेयर करने का विकल्प भी ला रहा है। यूजर्स को बस नए माइक्रोफोन बटन को टैप करना होगा और अपनी आवाज रिकॉर्ड करनी होगी। इसके बाद इस नोट को प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जाएगा। कुछ यूजर्स के पास पहले से ही एडिट बटन और वॉयस नोट्स तक पहुंच है और जल्दी ही इन सुविधाओं को ज्यादा यूजर्स के लिए भी जारी किया जा सकता है। मेटा का टेक्स्ट आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, थ्रेड्स, इस साल जुलाई में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य ट्विटर को कड़ी टक्कर देना था, जिसे अब एक्स कहा जाता है। लॉन्च के 5 दिनों के भीतर एप को लाखों डाउनलोड मिले और लोगों को आसानी से थ्रेड्स अकाउंट बनाने की अनुमति मिली, जो पहले से ही इंस्टाग्राम का इस्तेमाल कर रहे थे।